खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 09 नवम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –01 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ दिल्ली-एनसीआर कैसे... ■ निराधार बातों में कमजोर... 04
■ सोशल मीडिया पर ही भिड़ गए नेतन्याहू ... ■ इजरायल के खिलाफ सऊदी में जुटेंगे... 09
■ निर्यात मूल्य में कटौती के बाद बासमती... ■ चीन में घटता एफडीआई भारत में ग्लोबल... 11
■ शुभमन गिल बने नम्बर-1... ■ बेन स्टोक्स के शतक... 10

## प्रधानमंत्री ने दमोह, गुना, मुरैना में कीं जनसभाएं, कांग्रेस पर तीखे प्रहार

# कांग्रेस में पहले प्रधानमंत्री और अब अध्यक्ष चल रहे रिमोट से : मोदी

**दमोह/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में धुआंधार चुनावी सभाएं कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दमोह, गुना और मुरैना में तीन भीड़ भरी जनसभाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने जहां कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए वहीं यह भी कहा कि हमारी गारंटी देश का विकास करने की है।

दमोह में मंच पर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने ठेठ बुंदेली अंदाज में सभी अभिवादन करते हुए कहा–सबई जनों को राम राम। उन्होंने भगवान जागेश्वरनाथ और कुंडलपुर के बड़े बाबा की जयकार करते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। अपने भाषण की शुरुआत में वादा करते हुए कहा ये मोदी की गारंटी है कि जब मेरा तीसरा सेवाकाल शुरू होगा, मैं इस देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के टॉप 3 में लाकर रहूंगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले–2014 तक 10 साल लोगों ने कांग्रेस को मौका दिया, लेकिन, किसी को पता ही नहीं था कि देश के प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं, क्योंकि सब रिमोट से चल रहा था। आज भी कांग्रेस की रिमोट की आदत नहीं जा रही है, उस समय प्रधानमंत्री रिमोट से चलते थे, इन दिनों कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रिमोट से चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दमोह की सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 5 पांडवों वाले बयान पर कहा मुझे गर्व है कि हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं।

मोदी ने कहा भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने पर कांग्रेस मोदी को दिन में 100 बार गालियां देती है। जबकि गालियां देने वाले किसी न किसी केस में फंसे हैं और जमानत पर जिंदगी गुजार रहे हैं, लेकिन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं रुकेगी।

मोदी ने कहा–उन्होंने कहा यदि मध्यप्रदेश में कांग्रेस गलती से आ गई तो 85 प्रतिशत कमीशन तय है। यह उनके पीएम ही तय करके गए हैं। हमने राम मंदिर बनाया तो 4 करोड़ गरीबों के घर भी बनाए हैं यह भी याद रखिए। मोदी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बारे में कहा वह मेरे अच्छे मित्र हैं, लेकिन, आज उनका हाल ऐसा कर दिया कि वे कुछ कर नहीं पाते। कभी–कभी वे खुद के मूड में आ जाते हैं। जब रिमोट चलता है, तब वे सनातन को गाली देते हैं, लेकिन रिमोट बंद होते ही उन्होंने सनातन को याद किया। उन्होंने ही कहा कि भाजपा में 5 पांडव हैं।

## बोले- हमने राम मंदिर भी बनाया और 4 करोड़ लोगों के घर भी बनाए



## हमारी गारंटी देश को आगे ले जाने की

मोदी बोले–केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तब देश की हालत क्या थी सभी ने देखा है। 2014 में जब हम सरकार में आए, तब हमारा देश दुनिया की 10वें नंबर की आर्थिक ताकत था। आज भारत 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर उस देश को पीछे छोड़ दिया है, मंच पर केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, दमोह सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री गोपाल भार्गव सहित तीन जिलों के विधानसभा के प्रत्याशी मौजूद रहे।

ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

**आज के मैच**
न्यूजीलैंड विरूद्ध श्रीलंका
समय - 2.00 दोपहर

## सतना, छतरपुर, नीमच में मोदी की सभाएं आज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुरूवार को मध्यप्रदेश में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। सतना सभा मैदान हवाई पट्टी के पास सुबह 10 बजे, छतरपुर में बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में दोपहर 12 बजे और नीमच के सभा मैदान हवाई पट्टी के समीप दोपहर 3.10 बजे आमसभाएं लेंगे।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- चुनाव का शोर थमे तो फिर हिंसा पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू होंगे, समाधान न जाने कब होगा?

### सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया

# पटाखों पर कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं, केवल आतिशबाजी पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और अन्य राज्यों को त्योहारी सीजन के दौरान पटाखों से संबंधित अपने पहले के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया और कहा कि प्रदूषण का प्रबंधन करना सभी का कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने राजस्थान को विशेषकर त्योहारी सीजन के दौरान वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। दरअसल, सर्वोच्च अदालत राजस्थान में पटाखों के मुद्दे से संबंधित एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। एक वकील ने अदालत से पहले के आदेशों का पालन करने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया। वकील ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट का पिछला आदेश दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर लागू था। वकील ने पूरे भारत में पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। अदालत ने राजस्थान राज्य को उदयपुर में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत पटाखों से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी।

> सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पटाखों के उपयोग पर कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं है और केवल वे आतिशबाजी प्रतिबंधित हैं जिनमें बेरियम लवण होते हैं।

## राहुल गांधी आज जबलपुर प्रवास पर



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज 09 नवंबर को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। राहुल यहां पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र में रोड–शो में करेंगे और पूर्व विधानसभा क्षेत्र में प्रचार वाहन से उद्बोधन देगें एवं रात्रि विश्राम जबलपुर में करेगें।

# मणिपुर में तीन कुकी लोगों का भीड़ ने कर लिया अपहरण, एक महिला का शव बरामद

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में तीन कुकी लोगों को अनियंत्रित भीड़ द्वारा अगवा करने की खबर है। जिन लोगों को अगवा किया गया है, उनमें एक पुरुष और दो महिला हैं। बाद में एक महिला का शव बरामद किया गया। यह शव अगवा की गई महिला का हो सकता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब 10.30 बजे कुकी समुदाय के पांच लोग एक वाहन में कांगपोकपी (चुराचांदपुर और कांगपोकपी के बीच अंतर संपर्क मार्ग) की ओर जाते समय गलती से मैतेई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इसी बीच, वहां पर अनियंत्रित भीड़ एकत्रित हो गई, जिन्होंने पांच में से तीन लोगों को अगवा कर लिया। अगवा किए गए लोगों में दो महिला और एक पुरुष हैं। जानकारी के मुताबिक कांगचुप चिंगखोंग क्षेत्र में अनियंत्रित भीड़ ने उन पर हमला भी कर दिया। इसमें एक व्यक्ति के सिर में चोटें आईं। उन्हें तुरंत 22 असम राइफल्स परिसर में प्राथमिक उपचार दिया गया और कांगचुप पीएस को सौंप दिया गया। बाद में, उन्हें लीमाखोंग से चॉपर द्वारा आगे के इलाज के लिए दीमापुर ले जाया गया।

सूत्रों के मुताबिक पांच कुकी लोगों में से तीन लोग, जिसमें दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं, को अनियंत्रित भीड़ ने अगवा कर लिया। पांचों की पहचान थांगजलाल हाओकिप, मंगलुन हाओकिप, निंगकिम हाओकिप, नीलम हाओकिप जामखोथांग लहंगार के रूप में हई है।




कैश डिस्काउंट ₹5500* | डाउन पेमेंट ₹0^ | कम ब्याज दर @ 6.50%^ | 0^ प्रोसेसिंग फीस एडवांस ईएमआई डॉक्यूमेंटेशन चार्ज | अभी खरीदें और भुगतान करें 2024^ में | Hero 112 MILLION** MADE OF TRUST | WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 | SCAN TO AVAIL GIFT OFFERS

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. ≠Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). $As per combined sales volume of upto 110 cc motorcycles for FY 2023 by a single company. Data Source:SIAM's Domestic Sales Data FY 2023. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. #Terms and Conditions apply. ˇEx-Showroom price of HF Deluxe Kick and Splendor+ Drum in Bhopal.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK/GeM REQUIREMENTS, PLEASE MAIL AT bhopal@heromotocorp.com | हीरो के सभी स्कूटर्स एवं बाइक्स से सम्बंधित ऑफर्स अब सीएसडी कैन्टीन में भी उपलब्ध

**अधिकृत डीलरः** जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9289922368, इलाहाबाद रोड 9826135163), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, **अधिकृत ए.एस.सी:** रीवा-आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा-अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी-श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार-श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी-अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर-स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा-शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव-लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा-सिटी ऑटोमोबाईल्स 9300531311, मैहर-वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज-सेंगर मोटर्स 9425185568, चौरई-श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, लांझी-श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना-जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया-श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान-साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी-गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा-बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया-गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी-रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा-शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़-एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805

# देश-विदेश

## नीतीश ने जनसंख्या नियंत्रण पर दिए बयान के लिए मांगी माफी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानमंडल के दिनों सदनों में जनसंख्या नियंत्रण वाले अपने बयान के लिए माफी मांग ली है। मुख्यमंत्री ने यहां बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अगर मेरे बयान से किसी को दुख पहुंचा है तो मैं हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं। मैंने किसी को ठेस पहुंचाने के लिए यह बयान नहीं दिया था, अगर किसी को दुख हुआ तो उसके लिए माफी मांगता हूं।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


अनुलग्नक 47

प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA

(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: मांगी लाल पता- ग्राम चंदेरी पो. घाटपिपरिया जबलपुर

राजनीतिक दल का नाम : गोंणवाना गणतंत्र पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 96 बरगी

मैं मांगी लाल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विपिन भदोरिया VI अपर सत्र न्या. जबलपुर | पेशी-9/11/23 S.T.No. 565/23 | आरोप तर्क | 420, 467, 471, IPC |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |

परिशिष्ट 47

प्रारूप सी-1 से सी-8 और सीए

प्रारूप C-1

### आपराधिक मामलों के बारे में

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (सार्वजनिक) में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के फैसले के अनुसार इंटेरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

उम्मीदवार का नाम और पता: ठा. सुरेश झारिया, ग्राम - मल्हौआ, तह. व जिला नरसिंहपुर

राजनीतिक दल का नाम : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''स्वतंत्र'' लिखना चाहिये)

चुनाव का नाम : विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव

मैं ठा. सुरेश झारिया (सुरेश कुमार मेहरा) (उम्मीदवार का नाम) उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सार्वजनिक जानकारी के लिए मेरे आपराधिक इतिहास के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

(ए) लंबित अपराधिक मामले

| सं. क्र. | न्यायालय का नाम | केस संख्या और दिनांक | केस की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारायें और अपराध का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1, 2, 3, 4, 6 | न्यायालय श्रीमान न्यायिक अधिकारी महोदय जबलपुर प्रथम श्रेणी | 663/19, 380/21, 260/21, 847/19, 1943/19 | लंबित | 138 |
| 6,7 | न्यायालय श्रीमान प्रथम श्रेणी दंडा. महोदय जी नरसिंहपुर | 72/18, 73/21 | लंबित | 138 |

राज्यों की परिषद के लिये चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिये चुनाव के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।

फार्मेट सी- 1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एव अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति म.क. 175 वार्ड नंबर 8 इकबाल वार्ड पांडव नगर जयसिंह नगहर शहडोल जिला शहडोल (म.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव (अ.जा.)

मैं नर्मदा प्रसाद प्रजापति (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रं. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपरधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | न्यायालय श्रीमान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस न्यू देहली | मामला सं. 41475/2016 विचाराधीन | धारा 147, 148 149, 188, 353 332 एवं 34 भारतीय दंड संहिता Unlawfull assambly, Disobediance of public order causing hurt and criminal force | शून्य | शून्य |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## सीबीआई में संयुक्त निदेशक बने वी. चन्द्रशेखर

**नई दिल्ली।** गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी वी. चन्द्रशेखर को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। केंद्र ने 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी चन्द्रशेखर को पांच साल के लिए सीबीआई में संयुक्त निदेशक पद पर नियुक्त किया है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर यह जानकारी दी। चन्द्रशेखर सीबीआई में पुलिस अधीक्षक और उप महानिरीक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



### संसद संत्र में कई विधेयकों को पारित कराए जाने की संभावना

## दिसम्बर के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है शीतकालीन सत्र!

### 5 दिसम्बर से हो सकता है आगाज, 23 दिसम्बर तक चलने की है खबर

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद का शीतकालीन सत्र सामान्य तौर पर नवम्बर के तीसरे सप्ताह से शुरू होता है और 25 दिसम्बर से ठीक पहले खत्म हो जाता है। लेकिन इस बार पांच राज्यों में चुनाव चल रहे हैं। इसलिए चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के ठीक बाद दिसम्बर के पहले सप्ताह में इसके शुरू होने के आसार हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराए जाने की संभावना है।

**संसदीय समिति ने दी स्वीकृति**-सूत्रों के मुताबिक, इस बार संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज 5 दिसम्बर से हो सकता है। लोकसभा चुनाव से पहले होने वाने इस पूर्णकालिक सत्र के 23 दिसम्बर तक चलने की खबर है।

इस दौरान आईपीसी,सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन प्रमुख विधेयकों के प्रतिस्थापित करने और पारित कराए जाने के प्रबल आसार हैं। तीन दिन पहले ही इन विधेयको पर आई रिपोर्ट को गृह मंत्रालय की संसदीय समिति ने स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा संसद में विचाराधीन एक अन्य महत्वपूर्ण विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है। इसे विधेयक को भी पारित कराये जाने की पूरी संभावना है। ये सभी विधेयक मानसून सत्र में पेश किए गए थे,लेकिन विपक्ष के ऐतराज के चलते पारित नहीं कराए गए थें।

अभी मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों को सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश के बराबर का दर्जा है,लेकिन अगर मौजदा विधयेक पारित हो जाता है तो इनका दर्जा घटकर कैबिनेट सचिव के बाराबर हो जाएगा। इसके अलावा मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक और बढाने के लिए संसद की मंजूरी ली जा सकती है। फिलहाल यह योजना दिसम्बर माह में खत्म हो रही थी।


**शुभम् शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेस- IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल:- customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

**आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

**जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।** ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्शाई राशि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।
**ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-**

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति | चस्पा की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL2012000005032476, दिलशाद अली, साजिदा बेगम | 18-08-2023 & ₹ 7,44,394/- | प्लॉट नं.42, एनबी 503, हल्का नं.24 न्यू 80, आरएनएम महाराजपुर, विकास खंड पनागर खसरा नं.118 का हिस्सा, वार्ड नं.74, तहसील पनागर जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश -482001 | 06-11-2023 |
| 2 | लोन नं. JBL_1505_038734, शेख रियाज, बुशरा फरहत | 18-08-2023 & ₹ 9,60,063/- | खसरा नं.230 के भाग पर प्लॉट भूमि एनबी नं.601 पर स्थित भूमि पीसी नं.24/2 आरएनएम जबलपुर तहसील और जिला जबलपुर मध्य प्रदेश -482002 | 06-11-2023 |

पता : गुड़गांव
दिनांक : 08-11-2023

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

**Narmada Gelatines Limited**
**Registered Office : 28 Caravs, 15 Civil Lines, Jabalpur - 482001**
Tel:0761-2830433, Fax :2830516, Email:ngljbp@rediffmail.com website:www.narmadagelatines.com
CIN : L24111MP1961PLC016023
**Statement of unaudited Financial results for the quarter / half year ended 30th September, 2023**

Rs.lacs

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 30.09.2023 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 4,159 | 4,366 | 4,641 | 8,525 | 8,970 | 19,114 |
| 2 | Net Profit / (loss) before tax, exceptional and extra ordinary item | 367 | 577 | 359 | 944 | 632 | 1,981 |
| 3 | Net Profit / (loss) before tax after exceptional and extra ordinary item | 367 | 577 | 359 | 944 | 632 | 1,981 |
| 4 | Net Profit / (loss) after tax | 267 | 434 | 284 | 702 | 504 | 1,528 |
| 5 | Total Comprehensive Income : | | | | | | |
| | Item that will not be reclassified to profit & loss account : Employee Benefits - Actuarial (Gain) / Loss recognised in other comprehensive income | - | - | - | - | - | 6 |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value Rs.10/- each) | 605 | 605 | 605 | 605 | 605 | 605 |
| 7 | Earning per share (Weighted Average) (₹) | | | | | | |
| | Basic and diluted earnings per share (Face value of Rs.10 each) (Not annualised)(Rs.) | 4.41 | 7.19 | 4.69 | 11.60 | 8.33 | 25.26 |

Notes :
The above financial results were reviewed and recommended by the Audit Commitee, and approved by the Board of Director at its meeting held on 8th November, 2023

The above is an extract of the detailed format of the un-audited financial Results for the quarter and half year ended 30th September, 2023 with the stock Exchange(s) under Regualation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015. The full format of the above Financial Results are available on the stock Exchange website viz. www.bseindia.com and company's website viz.www.narmadagelatines.com.

Place: Jabalpur
8th November, 2023

For Narmada Gelatines Limited
sd/-
(A. K. Kapur)
Managing Director
DIN-00126807

फार्मेट सी-1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा-

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : लाखन सिंह पटेल पुत्र श्री छिदामी लाल पटेल पता 94, धनारे कॉलोनी रानी अवंती बाई वार्ड नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें) :

निर्वाचन का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 119 नरसिंहपुर

मैं लाखन सिंह पटेल (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रम संख्या | लंबित अपराधिक मामले | | | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी नरसिंहपुर | RCT No. 2031/2018 | धारा 188 भारतीय दंड संहिता लोकसेवक द्वारा विधिवत रुप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा | शून्य | शून्य |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


### नोटबंदी के सात साल पूरे

## नोटबंदी रोजगार खत्म करने की सोची समझी साजिश थी : राहुल

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नोटबंदी के सात साल पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष किया। राहुल गांधी ने कहा है कि नोटबंदी रोजगार को नष्ट करने, असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की एक सोची-समझी साजिश थी। राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, 'नोटबंदी एक सोची समझी साज़िश थी। नोटबंदी रोज़गार तबाह करने की, श्रमिकों की आमदनी रोकने की, छोटे व्यापारों को खत्म करने की, किसानों को नुकसान पहुंचाने की और असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की साज़िश थी। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत आम भारतीयों पर हमला, 1 प्रतिशत पूंजीपति मोदी मित्रों को फायदा। यह एक हथियार था, आपकी जेब काटने का। परम मित्र की झोली भर कर उसे 609 से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने का! ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर को देश के नाम एक टेलीविजन संबोधन में काले धन, आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले की घोषणा की थी। जिसके बाद 500 और 1,000 के नोट चलन से बाहर हो गए थे।

## शीतयुद्ध काल की सुरक्षा संधि से बाहर हुआ रूस

### अमेरिका को ठहराया सबसे बड़ा जिम्मेदार

**मास्को।** रूस शीतयुद्ध के दौर के एक अहम सुरक्षा समझौते से खुद के बाहर होने का इरादा जाहिर करने के आठ साल बाद मंगलवार को इससे अलग हो गया। यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि की राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से निंदा करते हुए प्रस्तावित विधेयक को रूसी संसद ड्यूमा के दोनों सदनों की ओर से मंजूरी दिए जाने के बाद यह घटनाक्रम हुआ।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि संधि से औपचारिक रूप से बाहर होने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसने अमेरिका और इसके सहयोगी देशों को अपने इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा, हमने यूरोप में पारंपरिक शस्त्र नियंत्रण की व्यवहार्यता को बहाल करने के तरीकों पर वार्ता के लिए द्वार खुले रखे थे। लेकिन हमारे विरोधियों ने इस अवसर का लाभ नहीं उठाया। संधि का लक्ष्य पारस्परिक सीमाओं पर या उसके पास सैनिकों को जमा करने से शीत युद्ध के प्रतिद्वंद्वी देशों को रोकना था। संधि पर नवंबर 1990 में हस्ताक्षर किए गए थे लेकिन इसके दो साल बाद तक इसका पूर्ण अनुमोदन नहीं किया गया था। रूस-अमेरिकी भागीदारी वाले शीत युद्ध के दौर की कई बड़ी संधियों में से यह एक है।

## इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच कल भारत आएंगे अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए दो दिन बाद यानी 10 नवंबर को भारत आएगा। इसमें रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी शामिल होंगे। बताया गया है कि यह दोनों देशों के बीच 2+2 फ्रेमवर्क के मद्देनजर पांचवीं बैठक होगी।

इस्राइल और हमास में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के दो शीर्ष नेताओं का भारत आना अपने आप में काफी बड़ा घटनाक्रम है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए अमेरिका लगातार संघर्ष को रोकने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में दोनों देश इस मुद्दे को लेकर अहम चर्चा कर सकते हैं।

इसके अलावा दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री क्वाड गठबंधन को लेकर भी बैठक करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों में भी हिस्सा लेंगे।

## मानव तस्करी से जुड़े मामले में एनआईए की एक साथ 10 राज्यों में रेड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआइए ने मानव तस्करी के मामलों में 10 राज्यों त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में एक साथ छापेमारी की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) मानव तस्करी मामले में जम्मू- कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक छापेमारी कर रही है। एनआइए की टीम जम्मू-कश्मीर के जम्मू और संबा शहर के कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। वहीं असम के गुवाहाटी में फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में एनआईए के अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। जिन 10 राज्यों में एनआईए की यह कार्रवाई चल रही है, उनमें त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल है। वहीं जम्मू- कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने बुधवार को देश की राजधानी नई दिल्ली सहित कश्मीर के अलग-अलग जिलों में छापेमारी की है।

ख़बरों के 68 साल, ख़बरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 09 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –01 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

# ईडी की मनमानी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

## कहा– महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है प्रवर्तन निदेशालय

### लोकतंत्र की हिफाजत के लिए अंकुश लगाना जरूरी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग से गुहार लगाई है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है और इससे लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है इसलिए ईडी की मनमानी पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, तारीक अनवर तथा उदित राज ने महादेव एप मामले में चुनाव आयोग से मिलने के बाद बुधवार को यहां निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को छत्तीसगढ़ में ईडी के जरिए रौंदा जा रहा है और वहां लोकतंत्र को संरक्षण देने का आग्रह करने के लिए पार्टी ने आयोग से समय मांगा था।

आयोग से मुलाकात के दौरान पार्टी की तरफ से बताया गया कि छत्तीसगढ़ में ईडी की मनमानी चल रही है और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए उसे पर रोक लगाना ज़रूरी है। श्री सिंघवी ने कहा, छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव से पहले हमने चुनाव आयोग से मिलने का समय मांगा था। आज उन्होंने हमें मिलने के लिए बुलाया था। हमने चुनाव आयोग से शिकायत में कहा है–18 महीने पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव एप मामले में जाँच शुरू की थी। छह महीने पहले मुख्यमंत्री ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी और एप को बैन करने की भी मांग की थी लेकिन केंद्र सरकार ने तब कुछ नहीं किया।

### चुनाव आते ही नई-नई चीजें आई है सामने

कांग्रेस ने कहा कि– जैसे ही चुनाव नज़दीक आते हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता, प्रधानमंत्री और ईडी नई–नई चीजें सामने लाने लगते हैं। केंद्र सरकार ने पहले इस एप को बैन क्यों नहीं किया। उन्हें प्रदेश सरकार की पूर्व अनुमति क्यों चाहिए थी। ईडी कहती है कि ग़ैरक़ानूनी काम हो रहा है, छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए बाहर से पैसा आ रहा है। आपने अभी तक जांच शुरू नहीं की और चुनाव के समय आरोप लगाने लगे ताकि चुनाव में कांग्रेस का नुकसान हो। ईडी ने आरोपपत्र में जिन लोगों के नाम लिए हैं उनकी भूमिका साफ नहीं कर पाई है। कई अफसरों पर आरोप लगाया है कि लेकिन चार्जशीट में उनका संबंध महादेव एप से नहीं बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इतना बड़ा घोटाला हो रहा था, तो ईडी क्या कर रही थी। एप को तीन दिन पहले क्यों बैन किया। साफ है भाजपा की हार को बचाने के लिए ये सब किया जा रहा है। मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को ख़त्म कर दिया है। हमने चुनाव आयोग से संरक्षण मांगा है और मांग की है कि ईडी की मनमानी बंद हो।

# दिल्ली में कृत्रिम बारिश से प्रदूषण कम करने की होगी कोशिश

## आईआईटी कानपुर ने सौंपा पूरा प्लान

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण हालत बिगड़ गए हैं। प्रदूषण से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार दिल्ली में पहली बार कृत्रिम बारिश कराएगी। आईआईटी कानपुर की मदद से दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराई जाएगी।

### 18 नवम्बर तक स्कूलों में अवकाश घोषित


जानकारी के अनुसार, 20 नवंबर के आसपास दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। दिल्ली सरकार को आईआईटी कानपुर ने पूरा प्लान सौंपा है। मंगलवार को आईआईटी कानपुर की दिल्ली सरकार के मंत्रियों के साथ बड़ी बैठक हुई थी। शुक्रवार को दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट को जानकारी देगी। सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश कराने में केंद्र सरकार का सहयोग दिलाने की गुजारिश करेगी। दिल्ली सरकार ने लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए नौ से 18 नवम्बर तक सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित की।

# महुआ मामले का लोकपाल ने भी लिया संज्ञान, दिए सीबाआई जांच के आदेश!

## भाजपा सांसद निशिकांत ने किया दावा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अभी आचार समिति मामले की जांच कर ही रहा था कि अब लोकपाल ने भी मामले में संज्ञान लेते सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। यह जानकारी शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दी है। दुबे ने दावा किया है कि पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अब लोकपाल ने सीबीआई जांच का आदेश दिया है। उन्होंने ट्वीटकर कहाकि लोकपाल ने उनकी शिकायत पर आरोपी महुआ मोइत्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है।



जबलपुर, गुरूवार 09 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त?

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं- कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच-तान, वाद-विवाद और कानूनी ज़िरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली-एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें।

उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी ज़हरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है। घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है।

पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि 'यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।' चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने-अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये। पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुर्माना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुर्माना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि 'जुर्माना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें।

वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि 'सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी।

सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगी; या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की गहमागहमी, जातिगत जनगणना, नीतीश कुमार का बिहार विधानसभा में दिया गया बयान और फिर उस पर माफी, केदारनाथ धाम में राहुल और वरुण गांधी की मुलाकात जैसी खबरों के शोर में दो और खबरों पर नजर पड़ी। पहली, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया और दूसरी, पिछले पांच सालों में यानी अप्रैल 2017 से जून 2022 तक मोदी सरकार के 16 मंत्रालयों ने पांच अंतराष्ट्रीय सलाहाकार कंपनियों को 5 सौ करोड़ रूपयों का भुगतान किया है। इस बीच आठ नवंबर की तारीख आई तो नोटबंदी के सात साल पर भी सुर्खियां बननी चाहिए थी कि इन सात सालों में देश को पांच सौ के पुराने और हजार के नोट बंद करने का क्या फायदा मिला, लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इस वक्त नोटबंदी का जिक्र कर मोदी सरकार के मुंह का जायका क्यों बिगाड़ेगा। अलबत्ता कांग्रेस ने जरूर इस मौके पर कुछेक चुभते हुए पोस्ट किए हैं। जैसे राहुल गांधी ने लिखा-

नोटबंदी एक सोची समझी साज़िश थी, रोज़गार तबाह करने की। श्रमिकों की आमदनी रोकने की। छोटे व्यापारों को खत्म करने की। किसानों को नुकसान पहुंचाने की। असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की। 99 प्रतिशत आम भारतीयों पर हमला, 1 प्रतिशत पूंजीपति मोदी 'मित्रों' को फायदा। ये एक हथियार था, आपकी जेब काटने का- परम मित्र की झोली भर कर उसे 609 से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने का!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नोटबंदी के बाद मोदी जी ने 50 दिन मांगे थे, आज 7 साल हो गए। वो चौराहा तो नहीं मिला, देश को दोराहे पर ज़रूर खड़ा कर दिया। एक तरफ़ अमीर, अरबपति अमीर हो गया है, तो दूसरी ओर, गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। आज 150 लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने नोटबंदी के चक्रवात को झेला! देश की अर्थव्यवस्था और विकास दर को गहरा धक्का लगा। एक ही झटके में लाखों छोटे व्यवसाय ठप्प पड़ गए। करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाई। पाई-पाई जोड़कर जो हमारी गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वो खत्म हो गई। जाली नोट और बढ़ गए, 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14प्रतिशत बढ़ोतरी हुई और 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू करनी पड़ी। (आरबीआई)। काले धन पर लगाम लगाने में विफ़ल रही मोदी सरकार। नकदी के चलन में 2016 से अब तक 83 प्रतिशत उछाल आया। पिछले 7 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76प्रतिशत को कीमत का एक हिस्सा नकद में चुकाना पड़ा। (स्थानीय सर्वे) मोदी सरकार की नोटबंदी आम नागरिकों के जीवन में एक गहरे ज़ख्म की तरह है, जिसकी मरहम-पट्टी वो आज तक कर रहें हैं।

कांग्रेस ने भी अपनी एक पोस्ट में एक वीडियो को साझा करते हुए इसे देश पर आक्रमण की तरह बताया है। अब ये हरेक की अपनी मर्जी है कि वह इन बातों को राजनीतिक बयानबाजी समझे या इसे मोदीजी का देशहित में किया गया ऐसा हवन माने, जिसमें किसी न किसी की बलि तो चढ़नी ही थी। लेकिन ये सवाल अपनी जगह बरकरार रहेगा कि आखिर नोटबंदी का फैसला, प्रधानमंत्री मोदी ने किससे पूछकर किया या किसके कहने पर किया। क्या नोटबंदी करने के पीछे जो तर्क दिए गए थे, वो सही साबित हुए। क्योंकि आतंकवाद खत्म नहीं हुआ इसका सबसे बड़ा सबूत 2019 का पुलवामा हमला है। अभी मई से मणिपुर में जो हालात बने हैं, उसमें अब मुद्दा केवल दो जातिगत समूहों के बीच हिंसा का नहीं रह गया है, बल्कि इसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद सारे तत्व शामिल दिखाई दे रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई है कि छह महीनों की हिंसा में लूटे गए हथियारों में केवल 25 प्रतिशत हथियार ही बरामद हुए हैं। जबकि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात करते रहे हैं। अब इसे भ्रष्टाचार न समझा जाए, तो फिर क्या कहा जाए। जो हथियार लूटे गए, वो कहीं न कहीं इस्तेमाल हो रहे होंगे और उनके लिए जो पैसों का लेन-देन हो रहा होगा, वो नकदी में ही होगा। इसका मतलब नोटबंदी जैसे फैसले का कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि काला धन अब भी देश में घूम ही रहा है। रिजर्व बैंक भी यही कह रहा है कि जाली नोटों में बढ़ोतरी हुई है, नकदी का चलन बढ़ा है। इसलिए जब श्री खड़गे मोदीजी के 50 दिन दे दो वाले बयान की याद दिला रहे हैं, तो इसे राजनीतिक आरोप की जगह देश की चिंता की तरह देखे जाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी की आदत है कि वे आज एक बात भूलकर कल उसे भूल जाते हैं। इस आदत के लिए ही जुमलेबाजी जैसे शब्द का इस्तेमाल हुआ है। देश का कोई समझदार नागरिक नहीं चाहेगा कि वह अपने निर्वाचित प्रधानमंत्री को 50 दिन का वक्त देकर चौराहे पर आने कहे। हमारे संविधान निर्माताओं के प्रताप से देश अब तक ऐसी अराजक स्थिति में आने से बचा हुआ है। प्रधानमंत्री भले लोगों की भावनाओं को भुनाने के लिए कुछ भी कहें और फिर भूल जाएं। लेकिन क्या लोगों को इतने बड़े फैसलों और उनके परिणामों को भूलना चाहिए। जो कौम अपने इतिहास से सबक लेकर वर्तमान को सुधार नहीं सकती, उसका भविष्य खतरे में ही रहेगा। 2016 में लिए फैसले को हम धर्म या जाति के नाम पर खड़े किए मुद्दों में भूल जाएं तो हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेंगे।

**श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंड अप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए।**

श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंड अप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए। पेट्रोल और ऊर्जा से लेकर नीति आयोग और आधार परियोजना तक कई कामों के लिए प्राइस वाटरहाउस कूपर्स, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग, केपीएमजी और मैकेन्सी जैसी कंपनियों की सेवाएं ली गई हैं। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक 2024-25 के बजट के पहले वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि किसने किस सलाहकार कंपनी की सेवाएं लीं, किस आधार पर लीं, और कब तक के लिए ली हैं। अब पाठक खुद विचार करें कि एक ओर केंद्र सरकार लाखों रिक्त पदों को भर नहीं रही है। यानी हमारे देश के योग्य युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। बदले में कुछेक हजार नियुक्ति पत्र बांटने का काम अब प्रधानमंत्री कर रहे हैं। कई सार्वजनिक निकायों को घाटे का रोना रोते हुए निजी हाथों में सौंपा गया है और उनमें भी अधिकतर पर एक ही औद्योगिक समूह का मालिकाना हक है। बेरोजगारों के लिए हर चुनाव में घोषणाएं और भत्ते देने का ऐलान हो रहा है, लेकिन विदेशी कंपनियों को सलाह के नाम पर सैकड़ों करोड़ बांटे जा रहे हैं। सरकार करोड़ों का ये खर्च भी जनता के टैक्स से ही उठा रही है। यानी जनता दोनों तरफ से घाटे में है। उसे कमाने के अवसर नहीं मिल रहे और जो थोड़ी बहुत कमाई है, वो आउटसोर्सिंग की भेंट चढ़ रही है।

श्री मोदी को हार्डवर्क और हार्वर्ड वाला तंज कसने में बहुत मजा आया होगा। लेकिन उनके मजे के चक्कर में देश सजा ही भुगत रहा है। अगले पांच साल भी पांच किलो मुफ्त अनाज मिलेगा, ऐसी घोषणा पर खुश होने की जगह सवाल होना चाहिए कि आखिर मांग कर खाने वाली हालत में जनता को क्यों पहुंचाया गया है। क्यों दस सालों में उसके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के ऐसे इंतजाम नहीं हुए कि वह इंसानी गरिमा के साथ जी सके। देश को आउटसोर्सिंग के साथ चलाकर आखिर कौन से गौरव की रक्षा सरकार कर रही है। और यहीं पहली खबर पर ध्यान जाता है कि महज एक आरोप के कारण पुर्तगाल के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हमारे यहां भी रेल मंत्री रहते हुए लालबहादुर शास्त्री ऐसी मिसाल कायम कर चुके हैं। लेकिन अब लोगों की कमजोर याददाश्त का फायदा उठाकर अगले साल भी मैं ही आऊंगा जैसी घोषणाएं लालकिले से हो रही हैं। पांच सौ और हजार के नोटबंद करने की सातवीं बरसी पर मोदीजी ने एक और ऐलान कर दिया है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं देश को विश्व की अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर ले जाऊंगा। जो काम दो कार्यकाल में नहीं हो सका, उसे तीसरे कार्यकाल में करने के दावे का आधार क्या है, ये पता नहीं। ये सरकार ऐसी ही निराधार बातों पर चल रही है और देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं।

# विश्व स्तर भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम सर्वोत्तम विकल्प

■ डॉ अरुण मित्रा

ऐसा लगता है कि इंफोसिस के अध्यक्ष एनआर नारायण मूर्ति उस लोकप्रिय कविता को भूल गये हैं जो हमें स्कूल के दिनों में पढ़ाई गई थी। कविता का शीर्षक था -'द क्राई ऑफ द चिल्ड्रेन', और कवयित्री थीं एलिजाबेथ बैरेटब्राउनिंग। वह इंग्लैंड में चिमनी साफ करने वाले बच्चों की स्थिति को समर्पित थी जिन्हें खतरनाक उद्योगों में लंबे समय तक काम करवाया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप अनेक गंभीर बीमारियों की चपेट में आने और अंततः जल्दी ही मर जाने की संभावनाएं थीं। कविता बच्चों पर उनके नियोक्ताओं द्वारा थोपे गये शारीरिक श्रम की जांच करती है। यह अगस्त 1843 में ब्लैकवुड पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

चार्ल्स डिकेंस ने भी 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड में बच्चों से ली जाने वाली कड़ी मेहनत के बारे में लिखा है। लेकिन उसके बाद से इंग्लैंड काफी आगे बढ़ गया है। सभी बच्चे स्कूल जायें, उन्हें उचित पोषण और आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल मिले, उसकी व्यवस्था की गई। हालांकि, महान हस्तियों की ये रचनाएं सभी श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होती हैं, चाहे वे शारीरिक काम करते हों या सफेदपोश काम करते हों। नारायण मूर्ति ने युवाओं से कहा है कि वे भारत को अपना देश मानें और देश की प्रगति के लिए प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करें।

इस प्रस्ताव का विभिन्न नजरिये से विश्लेषण करने की आवश्यकता है, जैसे ट्रेड यूनियन, स्वास्थ्य, सामाजिक और उत्पादन पर तकनीकी विकास के प्रभाव के दृष्टिकोण से। लंबे समय तक चले संघर्ष के परिणामस्वरूप श्रमिकों को आठ घंटे काम, आठ घंटे की नींद और बाकी आठ घंटे मनोरंजन और परिवार के लिए देने का कानूनी अधिकार मिल सका।

ट्रेड यूनियनों ने प्रति सप्ताह 70 घंटे के काम को अस्वीकार कर दिया है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत समय सीमा के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, भारत में लोग काम पर अधिकतम समय बिताते हैं लेकिन उन्हें सबसे कम वेतन मिलता है। इसका मतलब यह है कि श्रमिकों का बहुत अधिक शोषण और कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह संगठित और गैर-संगठित दोनों क्षेत्रों पर लागू होता है।

उदाहरण के तौर पर, शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी विशेष ट्रेनों में खानपान सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारी कम वेतन पर प्रति दिन लगभग 18 घंटे काम पर बिताते हैं। ऐसे लाखों लोग हैं जो मिठाई की दुकानों में काम कर रहे हैं या गिग कर्मचारी हैं जो हर दिन काम पर समान संख्या में घंटे बिताते हैं। नये तकनीकी विकास के आगमन के साथ, कंपनियों का उत्पादन कई गुना बढ़ गया है, उनका लाभ भी कई गुना बढ़ गया है, लेकिन लाभ शायद ही श्रमिकों तक पहुंच पाया है।

अतिरिक्त कामकाजी घंटों के स्वास्थ्य प्रभाव का अध्ययन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि यदि श्रमिक स्वस्थ और खुश हैं तो उत्पादकता बढ़ती है। थका हुआ व्यक्ति कभी भी बेहतर उत्पादन नहीं दे सकता। वे अधिक दुर्घटनाओं और गलतियां करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। हमारा जीव लगातार 8 घंटों तक उत्पादक होने में असमर्थ है, विशेष रूप से 'सर्कैडियनरिद्म' के कारण, यानी हमारे दैनिक जैविक चक्र के कारण। हमारा शरीर दिन के दौरान कैसे प्रतिक्रिया करता है यह कई कारकों पर निर्भर करता है- हमारे हार्मोन, हमारा आहार, दिन के उजाले के संपर्क में आना आदि। इन मुद्दों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया है कि हमारे पास एक बहुत विशिष्ट जैविक लय है। इस प्रकार, हम दिन के निश्चित समय में बौद्धिक और शारीरिक रूप से अधिक उत्पादक होते हैं। तो यह मैन्युअल रूप से या स्क्रीन पर सभी कार्यों को प्रभावित करता है जैसा कि आजकल कई युवा कर रहे हैं।

हालांकि प्रबंधकों को उम्मीद है कि उनके कर्मचारी कार्यदिवस के सभी घंटों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, लेकिन यह एक अवास्तविक उम्मीद है। कर्मचारी हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाह सकते हैं, लेकिन उनकी प्राकृतिक सर्कैडियन लय हमेशा इस इच्छा के अनुरूप नहीं होगी।

25 सितंबर 2017 को यूमैटर में प्रकाशित एक लेख: 'क्या कम कामकाजी दिन एक खुशहाल, स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन का रहस्य है?' के अनुसार, दिन में 8 घंटे से अधिक समय तक कार्यालय में रहना समग्र स्वास्थ्य के खराब होने से जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं हृदय रोग या तनाव संबंधी रोग विकसित होने का जोखिम 40 प्रतिशत अधिक रहता है।

वैज्ञानिक आम तौर पर इस बात से सहमत हैं कि आदर्श दैनिक कामकाजी समय लगभग 6 घंटे है, और सुबह में अधिक केंद्रित होता है।

इंश्योरेंस जर्नल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक काम करने से घायल होने का खतरा 61 प्रतिशत बढ़ जाता है, साथ ही मधुमेह, गठिया और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

शोध से यह भी पता चलता है कि अधिक काम करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को कितना नुकसान हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में पाया गया कि हर हफ्ते औसतन 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से औसतन 35-40 घंटे काम करने वालों की तुलना में स्ट्रोक का खतरा 35प्रतिशत और हृदय रोग से मरने का खतरा 17प्रतिशत बढ़ जाता है।

**श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।**

कार्यस्थल पर अधिक काम करने से हमारी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग लंबे समय तक काम करते हैं, उनमें प्रमुख रूप से अवसादग्रस्त होने की संभावना दोगुनी होती है, खासकर यदि वे प्रति दिन 11 घंटे से अधिक काम करते हैं।

कर्मचारियों को प्रेरित और संतुष्ट रखने के लिए कार्यस्थल संस्कृति महत्वपूर्ण है। यह भी महत्वपूर्ण हो कि काम करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाया जाये और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाये।

निर्णय कर्ताओं और नीति निर्धारकों को यह महसूस करना चाहिए कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाले स्वस्थ कार्यबल और सुरक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी के बिना, उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होगी जो देश, समाज और नियोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक होगी।

श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।

नारायण मूर्ति को इसके बजाय मुद्रास्फीति के अनुसार श्रमिकों के वेतन के बारे में बात करनी चाहिए और उन्हें कंपनियों के वास्तविक मुनाफे के अनुरूप बनाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को बेनकाब करना चाहिए था जो कर चोरी कर रहे हैं और बैंकों से लिया गया ऋण वापस नहीं कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 10 वर्षों में बैंकों का एनपीए 25 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

**पावन प्रसंग**

## एकाग्रता की शक्ति

मन जब एक बिंदु पर एकाग्र हो जाता है तो किसी भी कार्य को हम अच्छी तरह से सम्पन्न कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन हो या नौकरी, व्यापार, समाजसेवा हो या धर्म, अध्यात्म का क्षेत्र। एकाग्रता की शक्ति ही व्यक्ति को सफल बनाती है, यही निर्धारित क्षेत्र में सिद्धि की कुंजी है। मन की शक्तियां सूर्य की रश्मियों की भांति होती हैं, जो सामान्यतया बिखरी रहती है व इनके साथ दैनिक जीवन के सामान्य क्रियाकलाप चलते रहते हैं, लेकिन जब इन्हीं किरणों को आतिशी शीशे से गुजारा जाए तो ये ही बिखरी किरणें एक बिंदु पर एकाग्र होकर अपना चमत्कार दिखाती हैं। इनके संपर्क में जो भी कागज, लकड़ी आदि के टुकड़े आते हैं वे प्रज्वलित होकर अग्निमय हो जाते हैं। सूर्यकिरणों की इस प्रचंड शक्ति का रहस्य इनकी एकाग्रता में ही छिपा हुआ रहता है।

इस तरह व्यक्ति के जीवन में मन की एकाग्रता उसे संबंधित क्षेत्र में उत्कर्ष के शिखर तक ले जाती है, लेकिन अधिकांश लोग उसका पूर लाभ नहीं ले पाते। उनके मन की शक्तियां बिखरी रहती हैं। इस बिखराव के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटे तौर पर मुख्य कारण रहते हैं- ध्येय निष्ठा का अभाव। पर्याप्त नींद न ले पाना, शारीरिक सक्रियता का अभाव, आहार-विहार सबधी व्यतिक्रम और प्रतिकूल वातावरण। सूचना विस्फोट के युग में आजकल सूचनाओं का अंबार मन को उलझाए रखता है, मोबाइल फोन मन की एकाग्रता को भंग करने के लिए जैसे तत्पर रहता है। इसके बाद अधूरी नींद एकाग्रता के अभाव का एक बड़ा कारण अन्यमनस्क एवं बिखरा सा रहता है, पूरी तरह से एकाग्र नहीं हो पाता।

पर्याप्त शारीरिक सक्रियता का अभाव भी मन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, शरीर में कई तरह की परेशानियां उभरना प्रारंभ हो जाती हैं, जो मन को स्थिर व एकाग्र नहीं होने देतीं। पौष्टिक एवं सात्विक आहार के अभाव में मन को उचित पोषण नहीं मिल पाता, साथ ही तामसिक एवं राजसिक आहार मन को चंचल व जड़ बनाए रखते हैं, ऐसे में एकाग्रता कठिन हो जाती है।

इनके साथ वातावरण में विद्यमान ध्वनि से लेकर वायु प्रदूषण जैसे कारक एकाग्रता के लिए चुनौती बने रहते हैं और अंततः बिगड़ी दिनचर्या एवं अनुशासनहीनता, मन की अस्थिरता एक अहम कारण रहती है। अतः मन को एकाग्र करने के लिए सर्वप्रथम मन की एकाग्रता को भंग करने वाले कारकों को एक-एक करके कम करने का प्रयास करें।

उदाहरणतया, कार्य के समय अपने मोबाइल फोन को नजरों से दूर ही रखें। शोध के आधार पर स्पष्ट हो चुका है कि जब मोबाइल नजरों से दूर रहता है, तो एकाग्रता बेहतर होती है। अतः गंभीर कार्य के समय इसे किसी दूसरे कमरे में या बैग में या फ्लाइट मोड में रखें। आप अनावश्यक व्यवधानों से बचे रहेंगे व एकाग्र होकर कार्य कर पाएंगे। फिर कार्य पूरा होने पर एक निर्धारित समय में मोबाइल को चेक कर सकते हैं व इससे जुड़े आवश्यक कार्यों को निपटा सकते हैं।

**अखंड ज्योति**

**आपके पत्र**

## विचारों और घर से गंदगी दूर करना ही पर्व की सार्थकता

पौराणिक कथाएं प्रतीकात्मक होती हैं, उनका सामाजिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक प्रतीक होता है और उस प्रतीक को सूचित करने के लिए, एक विशेष लक्ष्य को उद्घाटित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक रंग में रंग दी जाती है, ताकि लोक नीरस बात को सरसता के साथ समझ सकें, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कृत्य को धर्म के रूप में कर सकें। चातुर्मास के प्रारम्भ के दो मास वर्षा ऋतु के होते हैं, वर्षा के कारण गांव, नगर, गली, सड़क, राजमार्ग चारों तरफ गंदगी, कीचड़, सीलन आदि की भरमार होती है। उस कारण ढांस, मच्छर आदि अनेक प्रकार के जहरीले कीट-पतंग पैदा हो जाते हैं। जगह-जगह पानी सड़ता है, कूड़ा सड़ांध पैदा करता है और उस पर तरह-तरह के जहरीले मच्छर, कीड़े अण्डे देते हैं। बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू का प्रकोप हम देख चुके हैं। इस प्रकार की संक्रामक बीमारियां वर्षा ऋतु के बाद फैलती हैं, गांवों-शहरों का वातावरण एकदम नरक जैसा गंदा हो जाता है। उस नारकीय गंदगी को दूर कर सफाई-स्वच्छता करने के लिए नरकासुर को मारना पड़ेगा अर्थात दूर करके स्वच्छता-सफाई करना ही नरकासुर का नाश करना है।

जहां निरन्तर अंधकार रहता है। सूर्य-चन्द्र की किरणें नहीं पहुंचती हैं। जहां हर समय कीचड़ फैला रहता है। भूमि में दुर्गन्ध आती हो और अशुचिता चारों तरफ गन्दगी के अशुचि के ढेर लगे हों, जहां के वातावरण में क्षणभर भी ठहरने को मन नहीं होता हो, ऐसे अपवित्र स्थान को नरक कहा गया है। नगर, गली, भवन आदि जहां पर भी इस प्रकार की गन्दगी हो. वह स्थान वास्तव में नरक ही माना जाता है। लोग नहा-धोकर कपड़े साफ-सुथरे पहनते हैं, घरों पर सफेदी व कीमती रंग-रोगन करते हैं, किन्तु दूसरी तरफ उनके रसोईघरों के पास कूड़ेदान में भिनभिनाते मच्छर, मखियां रहती हैं। नालियों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जहां से निकलना भी मुश्किल होता है। यह कैसी सफाई है? सफाई में भी विवेक होना चाहिए। अपना घर अपना मुहल्ला अगर साफ रखने की आदत बन जाये तो गन्दगी अपने आप दूर हो जायेगी।

भीतर की सफाई भी करो-यह तो हुई बाहरी सफाई की बात केवल बाहरी सफाई करने से ही चतुर्दशी की सार्थकता नहीं होती। बाहरी सफाई के साथ मन की सफाई, जीवन की सफाई भी जरूरी है। मन में अपवित्र विचार भरे हों, दूसरों निन्दा, चुगली, ईर्ष्या का कूड़ा पड़ा हो, काम-क्रोध की अशुचि सड़ रही हो तो मन कैसे होगा? मन की सफाई करना भी जरूरी है। तेरस के पहले-पहले आपने घर, दुकान, मकान सब साफ-सुथरे कर लिये, लीप-पोत, झाड़-बुहारकर कचरा हटा दिया, यह तो एक तरह की तैयारी हो गई। फिर तेरस आई, तो कुछ परोपकार का सेवा का, दीन-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प किया, सेवा की तब धनतेरस मन गई। अब विचारों की शुद्धि से भावनाओं से, मन की पवित्रता से, चिन्तन ध्यान सद्भाव को और मांजकर उज्ज्वल कर लिया तो नरक चतुर्दशी सार्थक हो गई। यह दोनों पर्व दीपावली की तैयारी के हैं। दीपावली कैसे मनानी है यह इसका साफ-साफ सन्देश इन दोनों पर्वों में बता दिया है। नरक चतुर्दशी का एक सन्देश है-नरक के कारणों से बचने का चिन्तन। मन की गन्दगी, विचारों की अपवित्रता तो नरक का कारण क्या, प्रत्यक्ष नरक है। इसके अलावा शास्त्रों में नरक के अन्य अनेक कारण बताये हैं। सागर की तरह सब कुछ बता दिया है। हिंसा, धन की लालसा, तीव्र आसक्ति, मांसाहार-जिह्वा के स्वाद की लिप्सा, संक्षेप में चार बातों के द्वारा महावीर ने बता दिया है-जो व्यक्ति पीछे बताये दुर्गुणों से युक्त होगा, उसका यहां भी जीवन अशान्त होगा, उद्विग्न होगा और मरकर परलोक में भी नरक में जायेगा।

नरक चतुर्दशी के दिन आप दोनों पक्षों पर विचार करें, बल्कि जीवन के पक्षों पर विचार तन को, जीवन को, परिवार को समाज व राष्ट्र को नरक से बचाने का प्रयास करें। बाहरी गन्दगी से भी मुक्त हो।

**कांतिलाल माडोत, सूरत**

# पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर एवं पनागर विधानसभा क्षेत्र से 46 में से 33 उम्मटदीवारों ने दिया चुनाव खर्च का ब्यौरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा के परीक्षण हेतु निर्धारित की गई तिथियों के अनुसार बुधवार को विधानसभा क्षेत्र पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर और विधानसभा क्षेत्र पनागर से चुनाव लड़ रहे कुल 46 उम्मीदवारों में से 33 ने चुनावी अभियान पर अब तक हुये खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मानिटरिंग सेल के समक्ष प्रस्तुत किया है। इन चारों विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए दूसरे चरण के निर्वाचन व्यय लेखे के परीक्षण हेतु बुधवार 8 नवंबर की तारीख तय की गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मानिटरिंग सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन से चुनाव लड़ रहे 19 उम्मीदवारों में से 15 ने अब तक के चुनाव खर्चे का ब्यौरा संबंधित सहायक व्यय को परीक्षण हेतु आज प्रस्तुत किया।

इनमें अजय विश्नोई के निर्वाचन व्यय लेखे में चुनावी अभियान पर अब तक 3 लाख 80 हजार 294 रूपये खर्च होना बताया है। वहीं नीलेश अवस्थी 6 लाख 50 हजार 957 रूपये, विजय मोहन ने 2 लाख 56 हजार 440 रूपये, अर्जुन सिंह ने 13 हजार 672 रूपये, अनिल कुमार राजपूत ने 10 हजार रूपये, अरविंद कुमार ने 12 हजार 750 रूपये, श्री ओम प्रकाश सिंह ने 32 हजार 850 रूपये, कमलेश कुमार पटेल (भैया जी) ने 10 हजार 620 रूपये, श्री दिनेश ने 66 हजार 440 रूपये, नीलेश कुमार गर्ग ने 37 हजार 600 रूपये, राज कुमार ताम्रकार ने 25 हजार 370 रूपये, राधेश्याजम ने 7 हजार 660 रूपये, वीरेन्द्र0 सिंह ने 5 हजार 260 रूपये तथा श्री राजकुमार कुम्हापर (गुड्डू भैय्या) एवं सूरज महावत ने 10-10 हजार रूपये अभी तक चुनाव अभियान पर खर्च होना बताया है।

इस विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे चार उम्मीदवार तान सिंह ठाकुर (तन्नुन भईया), प्रहलाद सिंह लोधी, लीलाधर झारिया एवं शांतिबाई कोल दूसरे चरण में निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण कराने उपस्थित नहीं हुये।

विधानसभा क्षेत्र बरगी से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में से आनंद सिंह लोधी ने निर्वाचन व्यय लेखा में 2 लाख 61 हजार 631 रूपये, श्री नीरज सिंह लोधी ने 2 लाख 72 हजार 745 रूपये, श्री संजय यादव' सिवनी टोला' ने 5 लाख 17 हजार 992 रूपये, अनीता पटेल ने 1 लाख 18 हजार 521 रूपये, श्री मांगीलाल मरावी ने 17 हजार 500, श्री मुन्नार लोधी ने 14 हजार 110 रूपये तथा श्री मोनू सत्य सिंह पटैल ने अपने चुनावी अभियान पर अब तक 1 लाख 30 हजार 563 रूपये व्यय होने का लेखा-जोखा दिया है। इस विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे श्री आशीष मिश्रा एवं श्री जयकांत सोबरन सिंह (बाबू जी) निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने आज उपस्थित नहीं हुये।

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर से दूसरे चरण में निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण हेतु प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों में श्री अभिलाष पाण्डेय ने 5 लाख 81 हजार 867 रूपये, विनय सक्सेना ने 8 लाख 47 हजार 870 रूपये, बलराम श्रीवास्तव ने 17 हजार 600 रूपये एवं संजय जैन संजू मामा' ने 19 हजार 350 रूपये के चुनाव खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया है। जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे श्री सिकंदर अली, श्देवेन्द्र शुक्ला, ब्रजेश पाठक एवं श्री रजनीश नवेरिया रजनीश नवेरिया' दूसरे चरण में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने उपस्थित नहीं हुये।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र पनागर से दूसरे चरण में परीक्षण हेतु निर्वाचन व्यपय लेखा प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों में सुश्री आशा गोंटिया ने 1 लाख 82 हजार 309 रूपये, पंकज पाठक ने 5 लाख 76 हजार 761 रूपये, राजेश पटैल ने 12 लाख 27 हजार 144 रूपये, सुशील कुमार तिवारी ने 8 लाख 86 हजार 097 रूपये, अनिल कुमार अहिरवार ने 50 हजार 358 रूपये, ब्रजेश महाराज ने 10 हजार रूपये एवं रूचि सिसोदिया ने 15 हजार 900 रूपये का खर्च का ब्यौरा संबंधित एक्सपेंडिचर मानिटरिंग सेल को प्रस्तुत किया है।

इस विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अनीता ओमप्रकाश केवट, महेन्द्र यादव एवं गौरीशंकर तिवारी दूसरे चरण में निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण कराने उपस्थित नहीं हुये।

जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मानिटरिंग सेल के अनुसार दूसरे चरण में परीक्षण हेतु निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले सभी 13 उम्मीदवारों को नोटिस जारी किया जायेगा।

इसी प्रकार शैडो रजिस्टर से उम्मीदवार द्वारा चुनाव अभियान पर खर्च की गई राशि का मिलान नहीं होने पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अजय विश्नोई, नीलेश अवस्थी तथा बरगी विधानसभा के उम्मी दवार नीरज सिंह लोधी एवं संजय यादव 'सिवनी टोला' को भी नोटिस जारी किये जा रहे है।

## एक लाख 70 हजार से अधिक लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता 9 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में अब तक आपराधिक प्रवृत्ति के 1 लाख 70 हजार 701 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 43 हजार 932 गैर जमानती वारंटों की तामीली करा ली गई है।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 69 हजार 201 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। 732 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 2 हजार 964 अवैध हथियार, 720 कार्टिज, 3 हजार 920 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला हैं। ये सभी सामग्रियां तत्काल जब्त कर ली गई हैं। प्रदेश में कुल 376 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 706 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रदेश में 839 फलाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 994 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 99 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

## राहुल गांधी की पद यात्रा के लिये सख्त सुरक्षा घेरा तैयार

### चार सौ जवान, दो एएसपी औरउ 5 सीएसपी दो दर्जन टीआई संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का आज नगर आगमन होगा। इस दौरान उनकी सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। राहुल गांधी पद यात्रा निकालेंगे। जिसमें राहुल गांधी सुरक्षा के कड़े घेरे में रहेंगे, उनके पास किसी को भी आने की इजाजत नहीं होगी, वे ही नेता या कार्यकर्ता राहुल तक जा सकेंगे जिनको इसकी अनुमति रहेगी। कांग्रेस कमेटी द्वारा इस संबंध में कवायद की गई है। जिसमें उन्हीं नेताओं और कार्यकर्ताओं की सूची तैयार है जो नेता राहुल गांधी के घेरे के करीब जा सकेंगे। इसके लिये प्रदेश कांग्रेस कमेटी और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बनाने का काम किया गया है। राहुल गांधी की सुरक्षा में करीब चार सौ ज्यादा जवान तैनात किये गये हैं। इनके अलावा दो एएसपी और सीएसपी एवं टीआई, एसआई स्तर के अधिकारियों को अलग-अलग जवाबदारी दी गई है। इसके लिये बकायदा बुधवार को पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर मार्कडील की, जिसमें किस तरह राहुल गांधी को हाई सुरक्षा दी जानी है, इसे अंतिम रूप दिया गया।

जबलपुर के एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि राहुल गांधी को प्रोटोकॉल के अनुरूप सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है, राहुल गांधी को हाई स्तर की सुरक्षा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दी है। इसी के अनुरूप उनके आस-पास सुरक्षा का घेरा रहेगा। जिसमें सीआरएफ का विशेष दस्ता राहुल गांधी को कव्हर करते हैं। इसके बाद प्रदेश, जिला का पुलिस बल का घेरा रहेगा। जिस तरह भारत जोड़ो यात्रा के समय राहुल गांधी की सुरक्षा की गई थी उसी तर्ज पर आज भी सुरक्षा रहेगी।

# फिर से जीतेंगे अशोक भैया : स्मृति ईरानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट में पार्टी प्रत्याशी अशोक रोहाणी के समर्थन में मशहूर टीवी सीरियल अभिनेत्री, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, स्मृति ईरानी की विशाल आमसभा रांझी में केंट हुई। उन्होंने कहा कि अपनों के लिए ऐसे राष्ट्रभक्तों के लिए कहती हूँ कि भारत भूमि का एक टुकड़ा नहीं एक जीता जागता राष्ट्रपुरुष हैं यह बंधन की भूमि है या अभिनंदन की भूमि है। नर्मदा नदी हमारे लिए गंगा है इसका कंकड़-कंकड़ हमारे लिए शंकर हैं, इस बार भी अशोक भैया जीत रहे हैं और मतदाताओं का आशीर्वाद मिलेगा। इसके पहले रोहाणी ने केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई, सिविल लाईन थाने के सामने, कनौजिया बस्ती, आरती डाईस, पंचायती कुआँ गोकलपुर, चौधरी मोहल्ला, न्यू गोकुलपुर, साँई धाम मोहनिया, विसर्जन घाट, उदयनगर, महर्षि सुदर्शन वार्ड, आमानाला, रानी अवंतीबाई वार्ड, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, चौधरी मोहल्ला, झिरिया मोहल्ला, पंचमुखी हनुमान मंदिर सदर, दत्त अपार्टमेंट, जैक्शन होटल, पहलवान बाबा मंदिर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में आमजनों से मुलाकती की। इस मौके पर पार्टी नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।



केंट के कई वार्डों में जनसम्पर्क

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रोत्साहन से प्रतिभा पलायन में आयेगी कमी : तरुण भनोत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनसंपर्क के चौदहवें दिन कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत के द्वारा वीर सावरकर वार्ड स्थित कालीमठ मंदिर में पूजा अर्चना कर जनसपर्क की शुरुआत करते हुए मुन्ना राशन गली, गौरैया प्लॉट, कोरी मोहल्ला, बड्डा गली, पूजा डेयरी, श्रीराम नगर गेट, सोना कॉम्प्लेक्स, गुलौआ चौक, शिवनगर, शर्मा चक्की, राजू चौक, गरही माता मंदिर, माली मोहल्ला, शुक्ला नगर क्षेत्र में सघन संपर्क कर जनसमर्थन की अपील की ।

जनसंपर्क के दौरान युवाओं से जनसंवाद में कांग्रेस प्रत्याशी श्री तरुण भनोत ने बताया कि देश और प्रदेश में विज्ञान, सूचना एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े शिक्षित नौजवानों को इस क्षेत्र में अवसरों के अभाव के कारण लगातार हमारी प्रतिभा और बेस्ट ब्रेंस एडवांस एजुकेशन के लिए विदेशों में पलायन कर रहे है । छोड़ने पर मजबूर हो रहे है।

जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ नेता बलवंत सिंह गुर्जर, संजय राठौर, भूपेश पाठक, दीपक द्विवेदी, मुन्ना ग्रोवर, सत्येंद्र पचौरी, अभिषेक मिश्रा, लक्की ठाकुर, संतोष शुक्ला मौजूद थे।



वीर सावरकर वार्ड में जनसम्पर्क

## दिवाली और छठ पूजा पर डॉ अम्बेडकर नगर से पटना और अहमदाबाद से समस्तीपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेल द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए डॉ अम्बेडकर नगर-पटना-डॉ अम्बेडकर नगर के मध्य चार चार ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन और अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद के मध्य 4-4 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

डॉ अम्बेडकर नगर-पटना-डॉ अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुडवारा, सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 09343 डॉ अम्बेडकर नगर से पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 9 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 के मध्य प्रत्येक गुरुवार को डॉ अम्बेडकर नगर स्टेशन से शाम 18.30 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर 22.48 बजे, विदिशा 23.30 बजे, दूसरे दिन शुक्रवार को बीना मध्य रात्रि 1.30 बजे, सागर 2.35 बजे, दमोह 3.43 बजे, कटनी मुडवारा प्रात: 5.45 बजे, सतना 7.40 बजे आकर पटना स्टेशन शाम 18.30 बजे पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09344 पटना से डॉ अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 10 नवंबर 2023 से 1 दिसंबर 2023 के मध्य प्रत्येक शुक्रवार को पटना स्टेशन से 21.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शनिवार को सतना प्रात: 8 बजे, कटनी मुडवारा 10 बजे, दमोह 12.10 बजे, सागर दोपहर 13.27 बजे, बीना शाम 16 बजे, विदिशा 17.08 बजे, संत हिरदाराम नगर 19.03 बजे आकर डॉ अम्बेडकर नगर स्टेशन रात्रि 23.55 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 8 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी एवं 2 ब्रेक वैन सहित कुल 21 कोच रहेंगे। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी जंक्शन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुडवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

इसके अलावा गाड़ी संख्या 09413/ 09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद के मध्य 4-4 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 09413 अहमदाबाद से समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को 9 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक अहमदाबाद स्टेशन से दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शुक्रवार को इटारसी प्रात: 6:05 बजे, जबलपुर 9:30 बजे कटनी 11 बजे, सतना 12:45 बजे आकर समस्तीपुर स्टेशन तीसरे दिन शनिवार को भोर में 4 बजे पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09414 समस्तीपुर से अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को 11 नवंबर 2023 से 2 दिसंबर 2023 तक समस्तीपुर स्टेशन से प्रात: 8:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को मध्य रात्रि 00:15 बजे सतना स्टेशन, कटनी 2:20 बजे, जबलपुर 4 बजे, इटारसी 8:20 बजे आकर अहमदाबाद स्टेशन रात्रि 22:45 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में 3 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 12 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनमी, 2 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में वडोदरा, सूरत, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना एवं बरौनी स्टेशनों पर रुकेगी।

# बन रही है सरकार जनता के सपने होंगे सरकार : विनय सक्सेना

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने बुधवार को कमला नेहरू वार्ड में सघन जनसंपर्क किया। कांग्रेसजनों और क्षेत्रीय नागरिकों के साथ विनय सक्सेना ने वार्ड के बाजार एवं रहवासी इलाकों में पैदल भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और मतों का वरदान मांगा। इस दौरान कुछ व्यापारी जनों ने सक्सेना को बताया कि त्यौहार पर सीजन की व्यस्तता के बीच सरकार के जीएसटी महकमें द्वारा की जा रही कार्रवाई से वे व्यथित हैं। जिस पर कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने बताया कि उन्होंने संबंधित महकमें के अफसरों सहित सरकार से भी व्यापारियों को परेशान ना करने का आग्रह किया है। इस दौरान सांसद विवेककृष्ण तंखा, कल्याणी पांडे, राजेश तिवारी, एडवोकेट अशोक गुप्ता, वीरेंद्र साहू, रवि पटेल, राजू चौबे, कपिल श्रीवास्तव, कमल दीक्षित, अभिषेक पटेल आदि मौजूद थे।



कमला नेहरू वार्ड में सघन जनसंपर्क

# पशिचम विधानसभा की सब्जी मण्डीयां होगी व्यवस्थित : राकेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** समन्वित विकास योजना में पश्चिम की सभी सब्जी मण्डियों को व्यवस्थित करना, सड़कों पर बाजार न लगे इसीलिये आकर्षक और स्वच्छ बाजार तैयार करना, इस हेतु प्राथमिकता से काम किया जायेगा साथ ही सब्जी व्यापारियों के हितों को ध्यान रखते हुए विकसित सब्जी मंडी बने इसका प्रयास होगा, यह बात पश्चिम विधानसभा भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने वीर सावरकर वार्ड में जनसंपर्क किया।

श्री सिंह ने वीर सावरकर वार्ड में काली मंदिर में पूजन कर जनसंपर्क प्रारंभ किया। कैलाश चक्की, सुदामा नगर तिराहा, पोल्ट्री फार्म मार्ग, शर्मा चक्की, भवानी फ्लॉवर, में संपर्क किया। इस मौके पर अतुल चौरसिया, पूजा श्रीराम पटेल, प्रिया संजय तिवारी, अनिल वर्मा, सिद्धार्थ शुक्ला, नवीन वैश्य, दीनानाथ पाठक, विनय चौकसे, जय यादव, सोनू सैनी, सुनील सैनी, दीपिका मौजूद थी।



वीर सावरकर वार्ड में जनसम्पर्क

## प्रगत शैक्षिक संस्थान के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता की गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को शासकीय प्रगत शैक्षिक संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान के लिये प्रेरित करने विशाल रैली का आयोजन किया गया । संस्थान परिसर से निकाली गई यह रैली कलेक्ट्रेट, हाई कोर्ट, तहसील चौक होते हुये पीएसएम परिसर पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। रैली में सहायक संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुश्री सोनम बर्वे, अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण डॉक्टर आर के स्वर्णकार, जिला निर्वाचन की स्वीप शाखा के पीडब्ल्यूडी कोऑर्डिनेटर डॉ रामनरेश पटेल, संस्थान के खेल अधिकारी शेख मुनीर तथा संस्था के स्टाफ की भागीदारी भी रही ।

## मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने आमंत्रित

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिये मतदाताओं को प्रेरित करने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा द्वारा नित नये नवाचार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 126 एवं 127 से संबधित क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शपथ रैली निकाली गई एवं पीले चावल देकर मतदान करने 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने आमंत्रित किया गया ।

# विचारधारा हमारी पूंजी एवं कार्यकर्ता ही शक्ति हैं: अभिलाष पांडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा आज देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जिसमें पार्टी का सर्वेसर्वा कार्यकर्ता होता है जो राष्ट्रवाद की विचारधारा को मन में लेकर आगे बढ़ रहा है और यह सर्वविदित है कि विचारधारा हमारी पूंजी एवं कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति है यह बात उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने मंडलों के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कही, हमारी पार्टी की ताकत देव तुल्य कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रभात साहू, शरद जैन, आशीष दुबे, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, सुधीर नायक, शरद अग्रवाल, जितेंद्र शामिल रहे।



मंडलों का कार्यकर्ता सम्मेलन

# क्षेत्र की जनता को मालिकाना हक दिया जायेगा : लखन

जबलपुर,देशबन्धु। प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिद्धबाबा वार्ड में शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर व्यायाम शाला से खेरमाई मंदिर से धुर्वे कुआ से हनुमान होटल चौक से करिया पाथरसे साहू मोहल्ला सिद्धबाबा मैदान से बिहारी मोहल्ला से पटेल मोहल्ला से शिव मंदिर में संघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि सिद्धबाबा वार्ड में मध्यप्रदेश सरकार जिला प्रशासन द्वारा आप सब को बेघर किया जा रहा है था तब आप सब के परेशानियों को देखते हुए मैने जिला प्रशासन से कहा था कि एक भी मकान सिद्धबाबा वार्ड के नहीं टूटेंगे जबकि मेरे ऊपर कानूनी शिकंजा कसा गया।

जनसंपर्क में मुन्ना बेन, मुन्ना शुक्ला, पार्षद जितेन्द्र सिंह ठाकुर, असित यादव, रिंकू रवि सैलानी, कुंदन चौधरी, राजा चौहान, बब्लू वंशकार, गोवर्धन वंशकार, कललू प्रजापति विपिन चौहान मौजूद थे।



सिद्धबाबा वार्ड में जनसम्पर्क

## मतदाताओं को जागरूक करने होगा रन फॉर डेमोक्रेसी का भव्य आयोजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने विशाल नियॉन रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन 09 नवम्बर 2023 दिन गुरूवार को आई.एस.बी.टी. में सायं 05:30 बजे किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत लगातार प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के लिए जागरूकता फैलाई गयी है। इसी तारतम्य में मतदाताओं को जागरूक करने भारी उत्सव के रूप में 3 कि.मी. तक नियॉन रन फॉर डेमोक्रेसी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के हजारों प्रतिभागी भाग लेकर मतदाताओं को दिनाँक 17 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करेगें। इस आयोजन में प्रतिभागी नियॉन कलर टी-शर्ट पहनकर 3 किलोमीटर का सफर पूरा करेगें। आयोजन में सभी आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को नियॉन टी-शर्ट एवं नियॉन स्टिक, और स्वल्पाहार दिया जायेगा।

## विश्व हिंदू परिषद : राष्ट्रीय सत्संग का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का राष्ट्रीय स्तर पर 28 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सत्संग सप्ताह का आयोजन जारी रहा। पूरे भारतवर्ष में एक साथ हर प्रखंड में सत्संग का आयोजन सातों दिन लगातार रहा। इस अवसर उमेश शुक्ला जिला सत्संग प्रमुख ने बताया बिरसा मुंडा प्रखंड, हनुमान प्रखंड, विवेकानंद प्रखंड, जयप्रकाश प्रखंड हरिहर प्रखंड, दीनदयाल प्रखंड में सत्संग के आयोजन हो रहे हैं।

सत्संग अंतर्गत श्री हनुमान चालीसा, भारत माता की आरती, देशभक्ति के गीत और सामाजिक भजनों का गायन किया जा रहा है। विवेकानंद प्रखंड में सत्संग दर्शन श्रीराम जानकी मंदिर माढोताल में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ, भजन, देशभक्ति गीत एवं भारत माता की आरती कर श्री राम भगवान की आरती की गई। जिला सहसंयोजक राहुल बर्मन ने कहा कि सत्संग के बिना मानव जीवन अधूरा है, सत्संग के द्वारा ही धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है, सत्संग से समाज को एकजुट किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, उमेश शुक्ला, राजेश रैकवार, उमेश राठौर, दिलीप माझी, शिलेंद्र विशेन, राजवीर राजपूत, विवेकानंद प्रखंड अध्यक्ष सुभाष श्रीवास, सुशील सेन, सोहन झरिया, शशिकांत चौरसिया, अजय ताम्रकार, अजय बर्मन, दामोदर पटेल, आर्यन रजक, मोहित बर्मन, कार्तिक पटेल, दीपांशु, आलोक पटेल साहित अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

## आज से 15 नवंबर तक हवन सामग्री का निशुल्क वितरण किया जाएगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत 9 से 15 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 9 से रात 9 बजे तक जड़ी बूटियों की हवन सामग्री का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस हवन सामग्री में 60 से अधिक अद्भुत जड़ी बूटियों का संकलन है, जो दीपावली के पावन अवसर के उपलक्ष्य में आज 9 से 15 नवंबर तक निशुल्क वितरण जारी रहेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया हवन करने से वातावरण शुद्ध के अलावा कीटाणुओं का नाश होता है, और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया दीपावली के पावन पर्व में एक आहुति ओम औषधि स्वाहा की अवश्य करें, जिससे रोगों से मुक्ति मिलेगी।

## ग्यारहवीं शरीफ का आखरी मेला आज

### सूफी संत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में जुमेरात को आखरी मेला का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय व दूर दराज के जायरीन दरगाह शरीफ मे हाजरी देंगे व नजरो न्याज़ पेश करेंगे। अक़ीदतमंद दरगाह में चादर शरीफ व निशान भी पेश करेंगे।

**सूफी संत सम्मेलन**- जल्सागाह में दोपहर बाद नमाज़ जुहर परंपरानुसार सूफी संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत मे आयोजित इजलास मे दरगाहों के सूफी संत हज़रात शिरकत करेंगे। खादिमाने दरगाह मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, इनायत अली, ने इस मौके पर प्रशासन से दरगाह मेला मे पेयजल, एवं पुलिस बल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

**शानदार सजावट**- दरगाह शरीफ मे आखरी मेले के मौके पर आकर्षक साज सज्जा की गई है। दरगाह शरीफ मे कृत्रिम पुष्पों द्वारा परिषर को बेहद खूबसूरत सजाया गया है एवं शानदार विधुत सज्जा की गई है।

## शब्दाक्षर साहित्य संस्था : लेखन को नई दिशा दे रहे युवा



**जबलपुर, देशबन्धु।** लेखन के क्षेत्र में युवा वर्ग बढ़ रहे हैं। वे अपने लेखन से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नवोदित रचनाकार के रूप में कवियित्री काजल माणिक भी अग्रसर हैं। जिन्होंने काव्य कृति कविताओं में जिंदगी में इसे समाहित किया है। कृति विमोचन मोहन परोहा, राजेंद्र दानी, डॉ. गीता गीत, डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया। इस मौके पर राकेश राठौर, सूरज राय सूरज जी, सोहन सलिल, राजेश पाठक, डॉ. प्रशांत मिश्रा, देव दर्शन सिंह, श्रुति, अरिहंत जैन, अमन मौजूद थे।

## दीपोत्सव का छाएगा रंग, थीम पार्टीज की दिखेगी उमंग

### दीपोत्सव-कल से शुरू होगा उत्सव, घरों में तैयारियां जोरों पर







**जबलपुर, देशबन्धु।** धनतेरस से दीपोत्सव की शुरुआत होने वाली है। इसके लिए जहां महिलाओं की तैयारियां जोरों पर हैं, तो वहीं हर दिन के लिए वे अलग-अलग प्लानिंग में लगी हुई हैं। दिवाली की डस्टिंग और रस्टिंग के साथ-साथ अब डेकोरेशन का काम तेज हो गया है। ऐसे में हैंडीक्राफ्ट आइटम्स के साथ आर्ट एंड क्राफ्ट से जुड़े आइटम्स से घर का डेकोरेशन हो रहा है।

**दिवाली में थीम पार्टी**-शहर में अब दिवाली सेलिब्रेशन के लिए पार्टीज का ट्रेंड है। इसके चलते लोग जहां घरों में पूजन करने के बाद फ्रेंड्स और रिलेटिव्स के यहां सेलिब्रेशन के लिए पहुंचते हैं, तो वहीं पटाखों और आतिशबाजी का दौर भी पार्टी के दौरान पूरा होता है।

**डेकोरेशन में हैंडीक्राफ्ट**-दिवाली डेकोरेशन के लिए हैंडीकाफ्ट आइटम्स की डिमांड है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई डेकोरेटिव आइटम्स इस बार स्वयं तैयार किए हैं। इसमें वेस्ट मैटेरियल से बेस्ट प्रोडक्ट खास है, वहीं मिरर, प्लास्टिक और लेस से मिलाकर डिजाइनर चीजें तैयार की हैं।

**रूप चतुर्दशी में निखरेगा रूप**-दीपोत्सव की कड़ी में रूप चतुर्दशी महिलाओं के लिए अहम त्यौहार होता है। इसके लिए जहां रूप संवारने की कवायद अभी से शुरू हो चुकी है, तो वहीं घरेलू उबटन बनाने की तैयारी भी की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि अब रूप चतुर्दशी पर सोसायटी और कॉलोनी में आयोजन होते हैं। इसलिए रेडी होने के लिए पार्लर पैटर्न भी फॉलो किया जाता है।

**भाईदूज में खास गिफ्ट**- दीपोत्सव के आखिर में भाईदूज की खुशियां लोगों के बीच छाई रहेंगी। दीवाली के बाद से बंद रहने वाले मार्केअ के चक्कर में अभी से ड्रेस, गिफ्ट और अन्य चीजों की खरीदारी हो चुकी है।

### इनका कहना है

घर में रस्टिंग, डस्टिंग का काम पूरा हो चुका है। दीवाली के लिए डेकोरेशन बाकी है। दिन भर अभी डेकोरेशन में गुजर रहा है। **-नमिता मिश्रा**

दीपोत्सव में हर दिन खास होता है। इसलिए परिवार में सभी के लिए कपड़े और जरूरी सामग्री खरीदने का दौर जारी है। **- अंजू अग्रवाल**

होम डेकोरेशन के लिए हैंडीक्राफ्ट आइटम्स अधिक लिए हैं। यह घर के हर रूम को यूनिक और अट्रैक्टिव बना रहा है। **- शालिनी जैन**



## महिलाओं में कैंसर की पूर्व जांच जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर मोस्ट कॉमन है। इसे समय से पूर्व पेप स्मीयर जैसे साधारण टेस्ट के जरिए पता लगाया जा सकता है। यह जानकारी फॉग्सी पेप स्मीयर डे के मौके पर आईएमए वुमन डॉक्टर विंग, जॉग्स और वुमन कैंसर स्पेशलाइजेशन संघ के आयोजित कार्यक्रम में दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बीमारी के लक्षण पहचानकर सचेत रहना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. नीना श्रीवास्तव, डॉ. कविता एन सिंह, डॉ. माणिक पांसे, डॉ. स्नेहप्रभा चौबे, डॉ. एचके बंसल, डॉ. संध्या जैन, डॉ. कावेरी शॉ पटेल मौजूद रहीं।

## परोपकार का दूसरा नाम है स्काउट:कलेक्टर



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के स्टीकर वितरित किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि स्काउट सेवा का दूसरा नाम है। स्कूल से ही बच्चों को इससे जुड़ना चाहिए, ताकि उनमें परोपकार की भावना जाग्रत हो। इस मौके पर अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़, एसडीएम पीके सेन, एडिशनल एसपी प्रियंका शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी हेमन्त सिंह, जिला हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. विजयकान्त तिवारी मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 09 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि। नक्षत्र-उ.फा।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**मिथुन**
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.

## पेंशनर्स ने आमसभा में लिया संकल्प



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आज शाम 4 बजे सिविक सेन्टर भारत माता चौक पर पेंशनर्स की एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पेंशनर्स ने म.प्र. विधानसभा के निर्वाचन 17 नवम्बर को सम्पन्न होने जा रहे है, वे जबलपुर जिले के समस्त पेंशनर्स जिसमें राज्य शासन के पेंशनर्स, विद्युत मंडल के पेंशनर्स, नगर निगम के पेंशनर्स सहित केन्द्र शासन के पेंशनर्स भी शतप्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्प लिया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों में अध्यक्ष एच.पी.उरमलिया, मोहन अग्रवाल, आर के चतुर्वेदी, बी.एस.पी.गौर, सी.एल.दोहरे, डॉ. एस.के सिंह, आनंद कुमार शुक्ला, आर.एस. सक्सेना, लल्लू पटेल, शारदा प्रसाद शुक्ला, एसके खरे, सतीश राय, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, जेपी यादव सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे सभी ने अपने-अपने परिवार के साथ तथा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को प्रोत्साहित करने सहित मतदान करने का संकल्प लिया।

## विजय श्रीकांत मिश्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजय श्रीकांत मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने स्टडी ऑफ द इफेक्ट ऑफ हैवी मेटल्स ऑन सॉइल एंड वॉटर लीडिंग टू एन्वायर्नमेंटल पॉल्यूशन इन जबलपुर, मंडला एंड डिंडौरी विषय पर शोध किया है। शोधकार्य डॉ. जीके चंडोक के निर्देशन में सम्पन्न हुआ है।

## दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में जबलपुर के स्ट्रीट

### फूड वेन्डरों के पकवानों ने देशवासियों का मन मोहा



**जबलपुर,देशबन्धु।** दिल्ली के प्रगति मैदान में 03 नवम्बर से 05 नवम्बर 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के कार्यक्रम में नासवी के द्वारा मध्यप्रदेश पथ विक्रेता एकता संघ, जबलपुर के द्वारा मध्यप्रदेश की ओर से जबलपुर के पथ विक्रेताओं ने प्रतिनिधित्व किया जिसमें भारत के प्रसिद्ध शेफ रनवीर बरार जी, आशीष बसीन एवं स्ट्रीट फूड कार्यक्रम की प्रमुख श्रीमति संगीता सिंह जी के द्वारा सभी पथ विक्रेताओं को उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मध्यप्रदेश पथ विक्रेता एकता संघ के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर शहर के पथ विक्रेताओं द्वारा विभिन्न लजीज पकवान (पोहा, जलेबी, मूंगफली मंगोड़े, आलूबण्डा, दाल पकवान इत्यादी) बनाकर भारत के सभी प्रदेशों से आये हुए मेहमानों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में जबलपुर के स्ट्रीट फूड वेन्डर प्रमुख रूप से राजेश जोशी, नागेन्द्र गुप्ता, राज झा, भानू ठाकुर व विशेष सहयोग रहा।

## श्रीजानकी रमण महाविद्यालय स्थापना दिवस समारोह संपन्न

### परम पूज्य संत ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं महाराज ने दिया आशीर्वाद



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजानकी रमण महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन में परम पूज्य संत ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं महाराज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज ने आर्शीवचन प्रदान करते हुए कहा कि महाविद्यालय सतत् सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जो गुरुदेव के आर्शीवाद का सुफल परिणाम है, हमारा सभी को आर्शीवाद है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में वरिष्ठ साहित्यकार सूरएश मिश्र विचित्र, राजसागरी, अभिमन्यु जैन, यू एस दुबे के द्वारा शानदार काव्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में श्रीजानकी रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात त्रिपाठी, डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, डॉ. आनंद राणा, डॉ. कौशल दुबे, आचार्य आशुतोष दीक्षित डॉ. अनामिका सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, हेमंत सोधिया, नीना चौबे, मीनाक्षी लोधी, राखी बाजपेई, संजय पांडे आदि सहित कालेज का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थिति रही।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान



**श्री रेवती रमण शुक्ला** -काशी कुंज रानीताल निवासी रेवती रमण शुक्ला का 90 वर्ष की आयु में 7 नवम्बर को रायपुर में निधन हो गया। वे आकाशवाणी रायपुर के समाचार प्रमुख विकल्प शुक्ला के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार 8 नवम्बर को रायपुर के महादेव घाट में किया गया।

**श्रीमती मनोरमा वाजपेयी**- नेपियर टाउन निवासी श्री लीलाधर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा वाजपेयी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार पटेल**- आरबीटू 238/1, रेलवे कॉलोनी तुलसीकुंज निवासी श्री संतोष कुमार पटेल (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद प्रसाद पांडे**- शांति नगर व्हीकल रोड निवासी श्री गोविंद प्रसाद पांडे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई चौधरी**- आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री शंकर लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला मिश्रा**- गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री सूरज मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला मिश्रा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार सोनकर**- भानतलैया निवासी श्री राजकुमार सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार पांडे**- पूर्वी निवाड़गंज पांडे चौक निवासी श्री नरेंद्र कुमार पांडे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जानकी प्रसाद गुप्ता**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जानकी प्रसाद गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती विमला रावत**- तुलसी नगर रांझी निवासी श्री रणवीर सिंह रावत की धर्मपत्नी श्रीमती विमला रावत (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गेश कश्यप**- फूटाताल कश्यप मोहल्ला निवासी श्री अशोक कश्यप के पुत्र श्री दुर्गेश कश्यप (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेमनाथ शर्मा**- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री प्रेमनाथ शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरव यादव**- उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री रामकुमार यादव के पुत्र श्री गौरव यादव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री दीपाली डे**- रामनगर अधारताल निवासी श्री प्रणव गोपाल डे की पुत्री सुश्री दीपाली डे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बनौतिया**- बिलहरी स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री मुन्ना लाल बनौतिया की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बनौतिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# जबलपुर से बेंगलुरु जा रहे आर्मी वाहन को डम्पर ने टक्कर मारी, एक जवान की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर/सिवनी।** जबलपुर से बेंगलुरु जा रहे आर्मी के वाहन को छपारा जिला सिवनी स्थित रणधीर गांव में डम्पर ने टक्कर मार दी।

डम्पर की टक्कर से वाहन में सवार दो जवानों के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर एक जवान की उपचार के बाद मौत हो गई।

वहीं दूसरे की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुधार कार्य चल रहा है, जिसके चलते फोरलेन सड़क को वनवे कर दिया गया है। पिछले दिन जबलपुर से आर्मी के 6 जवान वाहन से बेंगलुरु के लिए रवाना हुए, वाहन जब इस रोड से आगे बढ़ रहा था, तभी सामने से आए डम्पर ने आर्मी वाहन को टक्कर मार दी। डम्पर की टक्कर मार दी, जिससे वाहन में सवार लांस नायक पोपट खोट व बलवीर सिंह निवासी पंजाब के शरीर पर गंभीर चोटें आई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां पर पोपट खोट की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे की खबर



मिलते ही छपारा पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने डम्पर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे। दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही। पुलिस ने डम्पर व आर्मी वाहन को हटवाया, इसके बाद यातायात शुरु हो सका।

# ऑटो में गैस रीफिलिंग करते युवक व ऑटो चालक गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** घरेलू गैस सिलेण्डर से ऑटो में रीफिलिंग का जानलेवा धंधा चोरी छिपे अभी भी शहरी व ग्रामीण इलाकों में किया जा रहा है। अपनी व दूसरों की जान की परवाह किये बगैर कुछ लोग अभी भी काम को अंजाम दे रहे हैं। पनागर थाना अंतर्गत तुलसी कॉलोनी में पुलिस ने ऑटो में गैस रीफिलिंग के एक अड्डे पर छापा मारकर उसे सील कर दिया है। इस संबंध में पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि तुलसी कॉलोनी में राजकुमार रजक नाम का युवक खेत में बाड़ी के पास घरेलू गैस सिलेण्डर से इलेक्ट्रिक पम्प के माध्यम से लापरवाही पूर्वक ऑटो में रीफिलिंग कर रहा है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर तुलसी कॉलोनी में दबिश दी। जहां एक युवक सवारी ऑटो में गैस रीफिलिंग करते मिला। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम राजकुमार रजक उम्र 25 वर्ष निवासी शिशु मंदिर स्कूल के पीछे पनागर बताया, जिससे खेत की बाड़ी में रखा एक गैस सिलेण्डर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, मोटर पम्प तथा गैस रीफिलिंग के 2150 रूपये एवं बजाज कम्पनी का सवारी ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर 7209 जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ ईसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## बरेला में रीफिलिंग करने वाला फरार, ऑटो चालक गिरफ्तार

इसी प्रकार बरेला थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि रामराज जायसवाल के सामने अजीत सोनकर घरेलू गैस सिलेण्डर से रीफिलिंग कर मोटर लगाकर सवारी ऑटो में गैस भर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां ग्राम सालीवाड़ा में रामराज जायसवाल के घर के सामने अजीत सोनकर उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बाजार तालाब के पास बरेला का गैस भरते एवं ऑटो चालक ईम्मानुएल उम्र 45 वर्ष निवासी छोटी पानी की टंकी के पास बिलहरी गोराबजार ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर 7204 में घरेलू गैस से पाईप लगाकर गैस भराते दिखा। अजीत सोनकर पुलिस को देखकर भाग गया। ऑटो चालक ईम्मानुएल को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर 7204, गैस सिलेण्डर, मोटर मशीन, एक इलेक्ट्रिक तौल कांटा जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध ईसी एक्ट तथा मोटरयान अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# संजय मिश्रा हत्याकांड-कटंगी नाके पर पकड़ा गया लल्लू

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर गुरुद्वारे में गोलीकांड करते हुए 50 वर्षीय संजय मिश्रा की हत्या करने वाले कुख्यात बदमाश बंटी तिवारी की पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे दो दिन की रिमांड में लिया गया था। बुधवार को रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।



इसी बीच लल्लू जो इस मामले में आरोपी हैं वह भी कटंगी नाका के पास पकड़ा गया है, जिससे पुलिस सघन पूछताछ कर रही है। वारदात में प्रयुक्त पिस्टल और मोटर सायकिल की बरामदगी भी की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में बंटी पुलिस को गुमराह करता रहा। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को लार्डगंज थाना अंतर्गत गोलबाजार के समीप स्थित बाबा होटल में यादव कॉलोनी निवासी बंटी तिवारी अपने साथी के साथ पहुंचा था जहां रात्रि 9:15 बजे होटल कर्मी अजय मिश्रा 25 वर्षीय निवासी कटनी पर चाकू से हमला किया था। इसके बाद बंटी ने गोरखपुर निवासी 50 वर्षीय संजय मिश्रा का फोन कर मिलने बुलाया और रात्रि 11 बजे बंटी तिवारी ने संजय की गोली मारकर दी थी। 1 नवम्बर को सुबह इलाज के दौरान संजय ने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया था। लार्डगंज ने जहां चाकूबाजी तो गोरखपुर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर किया था। जिसके बाद पुलिस ने बंटी को रायपुर से गिरफ्तार किया था। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि संजय ने बंटी के खिलाफ चल रहे एक प्रकरण में गवाही बदली थी इसके उसे डेढ़ लाख मिलने वाले थे। पैसे के लेनदेन पर ही बंटी और संजय में विवाद चल रहा था और इसकी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। निशाना चूकने के चक्कर में हो गई थी हत्या-पुलिस सूत्रों के मुताबिक बंटी तिवारी से पूछताछ में यह बात सामने आई कि बंटी ने संजय को फोन कर मालवीय चौक में बुलाया था जहां पैसे के लेनदेन पर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद संजय चला गया और बंटी भी उसका पीछा करते हुए गुरूद्वारे के पास पहुंच गया जैसे ही संजय घर के समीप पहुंचा तभी बंटी ने गोली चला दी। पूछताछमें बंटी ने बताया कि वह संजय को चमकाना चाह रहा था और गोली उसके पैर में मारना चाह रहा था लेकिन निशाना चूक गया और उसकी हत्या हो गई।

# जिला अदालतों में 16 नवंबर को रहेगा अवकाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश भर की जिला अदालतों में 16 नवंबर गुरुवार को अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी की गई है। इसके बदले 16 दिसंबर (अवकाश दिवस) को कार्यदिवस घोषित किया गया है। स्टेट बार काउंसिल के वाईस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि दीवाली पर्व पर 10 नवंबर से अवकाश था, लेकिन जिला अदालतों में 16 नवंबर से कार्य दिवस घोषित था। जिसकों लेकर मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की ओर से उन्होंने एक पत्र चीफ जस्टिस को भेजकर 16 नवंबर को अवकाश दिवस घोषित किये जाने का निवेदन किया था। जिसे स्वीकार करते हुए 16 नवंबर को अवकाश दिवस घोषित किया गया है।

# नहीं रूक रहा रेत व मुरूम का अवैध उत्खनन, जेसीबी एवं 2 हाईवा चालक गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि शाम पुलिस को सूचना मिली कि बड़ी नहर बढैयाखेड़ा के पास जेसीबी मशीन से मुरूम मिट्टी का अवैध रूप से उत्खनन कर हाईवा में लोड कर परिवहन किया जा रहा है। बढ़ैयाखेड़ा नहर के पास जेसीबी मशीन से खुदाई कर 2 हाईवा में मुरूम मिट्टी लोड की जा रही थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी और आरोपियों को पकड़ा जिसमें जेसीबी के चालक ने अपना नाम अंकित कुंजाम एवं टाटा कम्पनी के हाईवा क्रमांक एआर 01 के 7701 के चालक ने सोनू मरकाम निवासी मंशी मोहल्ला बरगी तथा हाईवा क्रमांक एमपी 17 एच एच 4202 के चालक ने जुम्मन गोंड़ ठाकुर बताया। जेसीबी मशीन एवं दोनों हाईवा मय मिट्टी मुरूम के जप्त करते हुये तीनों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

# शराब तस्करी करते महिला गिरफ्तार, 60 लीटर कच्ची शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अवैध गतिविधियों में अब महिलाओं की संलिप्तता बड़ी ही शर्म की बात होती जा रही है। बीते कुछ माह में पुलिस ने महिलाओं को गांजा तस्करी में भी पकड़ा है। इसी कड़ी में गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम धमकी में पुलिस ने कच्ची शराब बेचते एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिससे 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में गोसलपुर थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने बताया कि बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धमकी निवासी रजनी कुचबंधिया अपने घर के पीछे झाड़ियों के पास भारी मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये रखी है। जिस पर पुलिस ने ग्राम धमकी में रजनी कुचबंधिया के घर पर दबिश दी। जहां एक महिला पुलिस को देखकर भागने लगी। जिसे महिला पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम रजनी कुचबंधिया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम धमकी बतायी। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके कब्जे में रखे प्लास्टिक के चारों गुम्मों में 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। जिसे जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर रूपये लेकर हड़पने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना में सोनू दहायत उम्र 37 वर्ष निवासी गोकलपुर रांझी ने लिखित शिकायत की थी कि वह निजि अस्पताल में टेक्नीशियन का काम करता है उसके साथ वैशाली दास नाम की महिला काम करती है जिसने उसे बताया कि सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर) में लगने वाली है तो उसने पूछा कि कैस लगने वाली हो तो बतायी कि गौरव नाम का व्यक्ति जो एनएचएम का प्रभारी है एल्गिन अस्पताल में लेकर आया था वहां पर एक आंटी को एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) का प्रभारी बताया था, मैं उस आंटी को नहीं जानती हूं पर उन्होंने मुझे गौरव का मोबाइल नम्बर दिया और बोली कि गौरव से बात कर लेना कि वैकेंसी कैसे निकलती है और कैसे नौकरी लगती है।

फिर वैशाली ने गौरव से नौकरी की बात की और गौरव ने वैशाली से बोला कि तुम्हारा सीएचओ में सिलेक्शन हो जायेगा तुम 2-4 लड़कियों का नाम और बता दो तो मैं प्रियंका दास जो एन एच की सीएमओ हैं उनकों पैसा दे दूंगा, और तुम लोगों का सिलेक्शन करवा दूंगा। फिर वैशाली बोली कि तुम्हे यदि अपना काम करवाना है तो 45 हजार रूपये लगेगा, मेरे पास सीएचओ की लिस्ट भी आ गई और मेरा वेरीफिकेशन होकर कॉलेज मिल चुका है अगर तुम्हें करवाना है तो मेरे पास गौरव का मोबाइल नम्बर है गौरव से तुम्हारे लिये नौकरी की बात करती हूं तो तुम अपना काम करवा लो उसे सीएचओ की लिस्ट दिखाई तब उसे विश्वास हो गया और उसने वैशाली से गौरव का मोबाइल नम्बर लेकर गौरव से बात की तो गौरव ने कहा कि तुम्हारी वैशाली से बात हो गयी है तो मैने कहा हां




वैशाली से बात हो गयी है वैशाली की लिस्ट आ गयी है उनकी क्लास सितम्बर और अक्टूबर में शुरू हो जायेगी यदि तुम्हें अपना काम करवाना है तो मुझे दो तीन लोगों के नाम दे दो तुम लोगों को वैशाली के साथ ही काम करवा दूंगा तो उसने नफीजा खान और अपना नाम दे दिया, फिर गौरव ने कहा कि 45 हजार रूपये दो तो 12-10-21 को यूनियन बैंक के किसी कर्मचारी से 45 हजार रूपये गौरव के फोन पे पर स्थानांतरित करवाया तथा उसका कर्मचारी को उसने 45 हजार रूपये नगद वापस कर दिया, फिर कुछ दिन बाद गौरव के मोबाइल पर बात करना चाहा परन्तु गौरव राजपूत का नम्बर बंद आ रहा है गौरव राजपूत को वह नहीं जानता है तथा गौरव को कभी नहीं देखा है गौरव राजपूत द्वारा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर मेरी नोकरी लगवाने के नाम पर ऑनलाईन 45 हजार रूपये लेकर धोखाधड़ी किया है। गौरव राजपूत ने अन्य लोगों से भी नौकरी लगवाने के नाम पर रूपये लेकर धोखाधड़ी किया है।

लिखित शिकायत शिकायत जांच में पाया गया कि सोनू दहायत, राधा यादव, दीपक कुशवाहा, मोह. सद्दाम हुसैन, मीरा गोटिया से आरोपी गोरव राजपूत द्वारा कम्युनिटी हेल्थ आफिसर फार्मासिस्ट के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर अपने फोन पे नम्बर पर कुल 8 लाख 80 हजार रूपये लिये गये हैं, न ही नोकरी लगवायी गयी एवं न ही पैसा वापस किया गया। सम्पूर्ण जांच पर आरोपी गौरव राजपूत द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर रूपये लेकर हड़पते हुये धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना रांझी मे 7-11-23 को धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग
क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 07/11/2023
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश कुमार पाल पिता स्व. श्री हरिचन्द्र पाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 535-537 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46003414, 1000380751 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1104 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. हरिचन्द्र पाल पिता स्व. श्री सिद्धा पाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

नाम सूचना
मैं श्रीमती पिंकी सचदेवा पति श्री नरेन्द्र सचदेवा, निवासी-1313, यादव कॉलोनी, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूँ कि मैं उपरावत पते पर निवास करती हूँ। मैं एल.आई.सी. पॉलिसी नं.310631006 की धारक हूँ। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम निधि सचदेवा दर्ज है, जो कि मेरा घरेलू नाम है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरे बैंक खाता में मेरा नाम पिंकी सचदेवा दर्ज है। पिंकी सचदेवा एवं निधि सचदेवा दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के हैं। मैं दोनों ही नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ। जिस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहीं हूँ।
पुराना नाम-निधि सचदेवा
सही नाम-पिंकी सचदेवा

नाम सुधार सूचना
मैं शपथकर्ता काशी राम चौधरी (सेवानिवृत्त) पिता गयादीन प्रसाद चौधरी आर्मी संख्या JC771040X स्थायी निवासी ग्राम पोण्डी कला (बी) तहसील ढीमरखेडा जिला कटनी म.प्र. पिन 483332 है। मैं भारतीय सेना से 31/10/2022 को सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुआ हूँ। यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड एवं पीपीओ में मेरा नाम काशी राम KASHI RAM है। एवं मेरे आधार कार्ड (9541 4379 2166) तथा बैंक पासबुक एवं पेनकार्ड में मेरा नाम काशी राम चौधरी KASHI RAM CHOUDHARY दर्ज है, यह कि मेरी 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम KASHI RAM तथा 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम KASHI RAM CHOUDHARY दर्ज है, जो कि एक ही व्यक्ति अर्थात मैं हूँ। अतः मेरे सर्विस रिकॉर्ड बुक एवं पीपीओ में मेरा सही नाम काशी राम चौधरी KASHI RAM CHOUDHARY दर्ज किया जाये।
पुराना नाम - काशी राम
KASHI RAM
नया/सही नाम - काशी राम चौधरी
KASHI RAM CHOUDHARY
SAKET

नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, Sharada Devi पत्नि Shyam bihari Yadav उम्र 45 वर्ष निवासी- Meerpur, Birbalpur,Ghazipur State Uttar Pradesh पिन कोड 233226,मेरे पुत्र का आर्मी नं.15706692P, RANK-L/NK , Name-Ram Uajager Yadav है, एव वर्तमान जबलपुर मे पदस्थ है ,मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे मेरा नाम Sarada Devi एव मेरी जन्मतिथि 01/07/1966 दर्ज है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Sharada Devi एव जन्म तिथि 02/01/1973 दर्ज है उक्त नाम एव जन्म तिथि मेरे ही है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे मेरे नाम Sarada Devi एव जन्म तिथि 01/07/1966 के स्थान पर मेरा नाम Sharada Devi एव जन्मतिथि 02/01/1973 दर्ज किया जाकर लिखा एव पढ़ा जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, Sonawane Rajashree Manoj पत्नि Sonawane Manoj Ashok उम्र 45 वर्ष निवासी- 238,Vaishnonagar Village-Kedgaon, Tehsil-Ahmednagar, District-Ahmednagar, State Maharashtra, पिन कोड 414001,मेरे पति का आर्मी न.JC386106M, RANK-SUB & HONY LT , Name-Sonwane Manoj Ashok है, एव वर्तमान समय जबलपुर मे पदस्थ है ,मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sonawane Rajashree M. दर्ज है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Sonawane Rajashree Manoj दर्ज है उक्त नाम मेरे ही है। मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे मेरा नाम Sonawane Rajashree M. के स्थान पर मेरा नाम Sonawane Rajashree Manoj दर्ज किया जाकर लिखा एव पढ़ा जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
मैं Army no 13764081Y Rank HAV name RAJ KUMAR, of Unit- 1 JAK RIF Presently residing at Vill-BARAN, PO- BHALWAL, Teh- JAMMU, DISTT-JAMMU (J&K) PIN-181122 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम BEHARI LAL एवं मेरी माताजी का नाम BENTI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम BIHARI LAL एवं मेरी माताजी का सही नाम VENTI DEVI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी न.15706673K,Rank L/NK , Name Suryawanshi Ramkishor Kanhaiyalal Âé˜æ Kanhaiyalal Suryawanshi उम्र 37 वर्ष निवासी- Dawaniwada Tehsil & District-Gondia , State - Maharashtra, पिन कोड 441614 मेरा आर्मी न.15706673K,Rank L/NK , Name Suryawanshi Ramkishor Kanhaiyalal है मै वर्तमान मे जबलपुर पदस्थ हूं मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में पुत्री का नाम Takshavi Suryawanshi दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में उसका नाम Takshavi Ramkishor Suryawanshi दर्ज है उक्त दोनो मेरे पुत्री के ही है। मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरी पुत्री का नाम Takshavi suryawanshi के स्थान पर मेरे पुत्र नाम Takshavi Ramkishor Suryawanshi दर्ज कर लिखा एव पढ़ा जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी नं.15706673K,Rank L/NK , Name Suryawanshi Ramkishor Kanhaiyalal पुत्र Kanhaiyalal Suryawanshi उम्र 37 वर्ष निवासी- Dawaniwada Tehsil & District-Gondia , State - Maharashtra, पिन कोड 441614 मेरा आर्मी नं.15706673K,Rank L/NK , Name Suryawanshi Ramkishor Kanhaiyalal है मैं वर्तमान में जबलपुर पदस्थ हूं मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में पुत्र का नाम dyank suryawanshi दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में उसका नाम dyank Ramkishor Suryawanshi दर्ज है उक्त दोनों मेरे पुत्र के ही है। मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरे पुत्र का नाम dyank suryawan-shi के स्थान पर मेरे पुत्र नाम Udyank Ramkishor Suryawanshi दर्ज कर लिखा एव पढ़ा जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Deepali Hemant Pratap पत्नि Pratap Hemant Gopal उम्र 48 वर्ष निवासी-House No 317,Village-Jamkhed Tehsil Jamkhed, District- Ahmednagar , पिन कोड 413201 , मेरे पति का आर्मी नं. JC379028X,Rank -Sub , Name Pratap Hemant Gopal है, जो कि वर्तमान मे Depot Reg.(Corps of Signals ) Jabalpur M.P. पदस्थ है, मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे मेरा नाम Deepali दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो मे मेरा नाम Deepali Hemant Pratap दर्ज है उक्त दोनों मेरे ही है। पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरे नाम Deepali के स्थान पर मेरा नाम Deepali Hemant Pratap दर्ज कर लिखा एव पढ़ा जाए।


# राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल को आवंटित किये जाते है सरकारी आवास

## हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** सरकारी मकान का आवंटन को खारिज किये जाने के खिलाफ जयलोक पार्टी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर पाया कि उसकी राजनैतिक पार्टी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय है। जिसके बाद न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।




यह मामला भोपाल निवासी बृजेश गुप्ता की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वह जयलोक पार्टी का अध्यक्ष है। उन्होंने सरकारी आवास आवंटन के लिए आवेदन किया था। गृह विभाग ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया था, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया था कि उनकी पार्टी विधिवत पंजीकृत राजनीतिक दल है, इसलिए वह सरकारी आवास के लिए पात्र है। वहीं सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि भारत निर्वाचन आयोग की सूची में राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय पार्टी के रूप में जयलोक पार्टी का नाम दर्ज नहीं है। इसलिए यह एक गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। सुनवाई के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय होने के संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी।

## केंट गुमटी आवंटन मामले में प्रशासन को जवाब के लिये अंतिम अवसर

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट के सदर में कटंगा रोड पर अवैध रूप से गुमटी निर्माण और आवंटन में अनियमित्ता से जुड़े मामले में पूर्व में दिये गये आदेश का अक्षशः पालन प्रतिवेदन पेश न किये जाने को लेकर अवमानना याचिका दायर की गई थी। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को हुई सुनवाई दौरान

केंट प्रशासन ने पुनः समय की मांग की। जिस पर यगुलपीठ ने अंतिम अवसर देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल को निर्धारित की है।

यह अवमानना का मामला कटंगा निवासी नरेश भाटिया की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि पूर्व में दायर जनहित याचिका दायर में आरोप था कि सर्वे क्रमांक 444 में कटंगा रोड स्थित क्लास-बी की जमीन पर अवैध रूप से 45 गुमटियां बनाई गई थीं। कैंट बोर्ड के अधिकारियों व पार्षदों पर व्यापक अनियमितताएं करने और पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। उक्त मामले में हाईकोर्ट ने 5 सितंबर 2019 को विस्तृत आदेश पारित किया था, जिसका पालन नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने पूर्व में मुख्य सतर्कता अधिकारी रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली, डिफेंस इस्टेट सेन्ट्रल कमान्ड लखनऊ के डायरेक्टर, जबलपुर केंट बोर्ड के अध्यक्ष ब्रगेडियर राहुल व मुख्य कार्यापालन अधिकारी अभिमन्यु सिंह को नोटिस जारी कर पूर्व में अनियमित्ता के दोषी पाये गये अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई, इस संबंध में पालन प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिये थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस मामले में दोषी अधिकारियों व पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। चार साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उक्त अवमानना याचिका दायर की गई है।


न्यायालय - नायब तहसीलदार
गोरखपुर, जबलपुर
रा.प्र.क्रं.1142/अ-6/2023-24
इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पवन शर्मा पुत्र स्व. राममूर्ति शर्मा निवासी 179 नर्मदा रोड आदर्श नगर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.8.89 के माध्यम से मौजा रामपुर नं.बं. 01 प.ह.नं. 22 ख.नं. 63, 51, 52/2, 52/5 वगैरा रकवा 4800 + 900=5700 वर्गफुट विक्रेता पुरुषार्थी कोआपरेटिव हाउसिंग सासोयटी लिमि. आदर्श नगर जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा /बटवारानामा/ हस्तान्तरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 20.11.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 02.11.23 को जारी।
जारी दिनांक 02.11.2023
पेशी दिनांक 20.11.2023
नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1540 गोरखपुर, जबलपुर


# सदस्यता शुल्क जमा न करने पर नहीं मिलेगी सहायता

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिवक्ताओं ने मासिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया है, वे अविलंब जमा कर दें। ऐसा इसलिये, क्योंकि सदस्यता कायम न रहने पर सहायता नहीं मिलेगी। यही नहीं विभिन्न योजनाओं के लाभ से भी वंचित कर दिया जाएगा। जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि चार दिसंबर तक शुल्क जमा न किये जाने पर उक्त संबंध में कठोर निर्णय लिया जायेगा।

# बुआ से छेड़छाड़ करने वाले भतीजे को एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने बुआ के साथ छेड़छाड़ करने वाले भतीजे को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी दिलीप सिंह को एक साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता मजदूरी करती है। 4 अप्रैल 2019 को जब महिला का पति और बेटा घर पर नहीं थे, उसी समय रात्रि करीब 8 बजे आरोपी दिलीप आया और फूफा के संबंध पूछताछ करते हुए महिला के साथ जबरदस्ती करने लगा। उसी दौरान महिला का पति आ गया, जिसे देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पनागर पुलिस ने छेड़खानी के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं सुश्री रानी जैन ने पक्ष रखा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भाजपा की जनचौपाल में जाने वाली महिलाओं से अभद्रता का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाथीताल रेलवे क्रॉसिंग के पास भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह जनचौपाल कर रहे थे चौपाल खत्म होने के बाद राकेश सिंह जैसे ही कार्यक्रम से गए वहां सिंगल टोला लक्ष्मी कॉलोनी में रहने वाली महिलाएं भी कार्यक्रम स्थल पहुंच रही थी, जिन्हें पश्चिम क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत के कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोककर उनके साथ अभद्रता कर दी। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें खदेड़ा इस पर विवाद बढ़ गया। उसके बाद तरुण भनोत के छोटे भाई गौरव भनोत भी पहुंचे और राकेश सिंह भी पहुंच गए।

विवाद बढ़ता देख गौरव भनोत और उनके कार्यकर्ता वहां से भाग गए। पुलिस बल भी पहुंचा और महिलाओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई और बताया कि जब से चुनाव चल रहे है तभी से हमे डराया धमकाया जाता है और भाजपा का काम नही करने दिया जाता। तरुण भनोत चुनाव में अपनी हार सामने देख रहे है इसीलिए घबरा कर इस तरह के हथकंडे अपना रहे है। इस पूरे मामले में भाजपा की अंजू भार्गव व अमरजीत कौर गुग्गा ने कांग्रेसियों पर अभद्रता के गंभीर आरोप लगाये हैं।

# सुबह-शाम की आबोहवा में प्रदूषण का जहर घोल रही पराली की आग

## धान की कटाई के बाद पराली में आग लगाना शुरू, आसमान में चहुंओर धुंध

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान समय में धान की कटाई के बाद खेतों में पराली में आग लगाना प्रारंभ कर दिया गया है गांधीग्राम, कुशनेर, रामपुर, बरनू, जुझारी, मोहतरा, घाट सिमरिया सहित आसपास के ग्रामों में अल सुबह व देर रात जलाई जा रही खेतों की पराली का धुआँ लोगों की सेहत का दुश्मन बना हुआ है।सुबह व शाम के समय आसमान, गांव की आबादी तथा हाईवे पर धुएँ के गुबार छाए रहते हैं।दरअसल यह धुआँ खेतों में जलाई गई पराली से फैल रहा है। वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ने के बावजूद किसान नहीं चेत रहे आए दिन खेतों की पराली जलाकर वायु प्रदूषण की वजह बन रहे हैं।



प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। शासन, प्रशासन द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के संकट से बचने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। फसल काटने के बाद खेत में आग लगाकर पराली जलाना प्रतिबंधित है। लेकिन गांधीग्राम सहित विकासखण्ड सिहोरा के आसपास के ग्रामों में कृषक अपने खेतों में धान कटने के बाद आग लगाने का काम लगातार जारी हैं।

रोज जगह जगह खेतों से उठते धुएँ एवं आग की लपटों को देखा जा सकता है। *लोगों को घुटन हो रही--इन दिनों गांव गांव इसके धुंए से चारों ओर धुंध छाई हुई है। हवा में धुंए के कारण लोगों को घुटन महसूस होती है। हाईवे व गांवों के दोनों ओर कृषि भूमि है। जिसके चलते धुंआ गाँव की आबादी की तरफ उड़ता है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

**मॉर्निंग वॉक पर जाना किया बन्द-** धुएँ के रूप में आसमान व वातावरण में फैले जहरीले प्रदूषण से बहुत से लोगों को सांस लेने में तकलीफ़ होती है।बच्चों में भी खांसी आने लगती है। धुएँ की वजह से लोगो ने मॉर्निंग वॉक पर जाना बन्द कर दिया है। फसलों के छूटे अवशेषों को नष्ट करने के लिए कई आधुनिक उपकरण आ गए हैं। इसके बावजूद किसान पराली जलाकर ही खेत साफ करता है। जिससे पर्यावरण तो दूषित होता ही है,खेतों के मित्र कीट भी नष्ट होते हैं। शासन प्रशासन को इस ओर किसानों को जागरूक करना चाहिए और खेत में आग लगाने के दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराना चाहिए। जिससे किसान खेत में आग न लगाएं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रवासी धुंए के प्रदूषण से बच सकें।

# यह लकीर नहीं नाली है, ग्राम पंचायत के विकास का मॉडल

**हटा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत हटा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पिछले वर्षो में हुए निर्माण कार्यो में व्यापक अनियमितताएं की गई है। ऐसा ही मामला गैसाबाद ग्राम पंचायत का आया है, जहां आदिवासी मोहल्ले में पिछले दिनों 6 लाख रुपए की लागत से तीन सौ मीटर लंबी सीसी सह नाली निर्माण कार्य आदिम जाति कल्याण विभाग से स्वामी आदिवासी के मकान से विश्वनाथ आदिवासी के मकान तक निर्माण कार्य पंचायत के माध्यम से कराया गया लेकिन यहां पर एजेंसी द्वारा 4 से 6 फीट चौड़ाई की करीब 200 मीटर लंबी सीसी बनाई है लेकिन इसमें सीसी सड़क के बीचोंबीच 6 इंच की नाली बनाई गई है, जो नाली की जगह एक लकीर की तरह दिखती है जो उपहास का केंद्र बनी हुई है जबकि नाली दोनों ओर 23 सेंटीमीटर और एक फीट गहरी बनाई जानी थी और सड़क की चौड़ाई 10 फीट होनी थी। संदीप आदिवासी जितेन्द्र आदिवासी विक्रम आदिवासी का कहना है कि यहां सड़क और नाली निर्माण का सिर्फ नाम हुआ है नाली तो सिर्फ देखने ही बनी है इसमें से पानी निकलना और सफाई होना संभव ही नहीं है।



## सार-समाचार

### 60 लीटर अबैध शराब जप्त गोसलपुर पुलिस की कार्यवाही

**गोसलपुर,देशबन्धु।** पुलिस थाना गोसलपुर के अंतर्गत आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए गोसलपुर



पुलिस के द्वारा शराब माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गोसलपुर थाना अंतर्गत धमकी ग्राम में रजनी पति सचिन कुचबंधिया उम्र 30 साल के घर के पिछवाड़े से 60 लीटर अवैध मदिरा जप्त की गई पुलिस द्वारा आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 -2 के खिलाफ मामला पंजीबद कर नयायालय मे पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रियंका केवट एसआई अनिल मिश्रा व समस्त स्टाफ शामिल था।

### कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं में लापरवाही पर चार को दिया नोटिस

**रीवा देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को जिले के 2014 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी



मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था करने में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने चार लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। इन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में शौचालय, पानी, बिजली तथा रैम्प बनाने के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निर्देश दिए गए। जिसकी इनके द्वारा अवहेलना की गई। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी श्रीमती कल्पना यादव तथा सहायक यंत्री आरपी श्रीवास्तव जनपद पंचायत नईगढ़ी को दो वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का नोटिस दिया है। कलेक्टर ने संविदा उपयंत्री जनपद पंचायत नईगढ़ी श्रद्धा श्रीवास्तव तथा सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव राजेश शुक्ला को संविदा समाप्ति का नोटिस दिया है। नोटिस का 9 नवम्बर को प्रातः 11 बजे समक्ष में उपस्थित होकर उत्तर देने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस का उत्तर संतोषजनक न होने तथा समय सीमा का पालन न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**रीवा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुख़बिर की सूचना पर गहिरा तिराहे के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी शहीद उर्फ शाहिद पिता मो.गुलशेर थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 391/2023 धारा 25 आर्म्स एक्ट अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है जहाँ से न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, गुलाब सिंह सिंह ,सउनि संतोषी सिंह,प्रधान आरक्षक केमला प्रसाद ,आरक्षक नरेन्द्र तिवारी ,गीतांजली झारिया, कौशलेंद्र सिंह सराहनीय भूमिका रही।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**रीवा, देशबन्धु।** वाहन चेकिंग के दौरान गोविंदगढ़ थाना स्टाफ द्वारा शराब पीकर रोड पर फोर व्हीलर चलाने वाले वाहन के चालक सुभाष गुप्ता पिता अम्बिका प्रसाद गुप्ता उम्र 28वर्ष निवासी आदर्श नगर के पास विरुद्ध थाना गोविंदगढ़ से इस्तगासा क्रमांक 14/23धारा 185, एमवी एक्ट के तहत इस्तगासा कायम किया जाकर माननीय न्यायालय में इस्तगासा पेस किया जाएगा।

# दमोह-पन्ना मुख्यमार्ग पर लग रहा ग्राम गैसाबाद का साप्ताहिक बाजार

## 15 साल बाद भी किसी ने सुध नहीं ली

**हटा, देशबन्धु।** हटा विकासखण्ड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मुख्यालय गैसाबाद ग्राम पंचायत में पंद्रह वर्ष पहले हायर सेकंडरी स्कूल के बाजू से हाट बाजार का निर्माण कार्य किया गया था ताकि फुटपाथी दुकानदारों और खरीददारों को सुबिधा मिले ताकि उन्हें खरीददारी के लिए यहां वहां न भटकना पड़े, लाखों रुपये खर्च हो गए और निर्माण कार्य होने के बाद से समाचार लिखे जाने तक नवनिर्मित हाट बाजार में बाजार नहीं लगाया गया। मंगलवार को गैसाबाद में साप्ताहिक बाजार लगता है जो दमोह पन्ना मुख्य मार्ग पर दोनों ओर लगता है मंगलवार को पूरे बाजार में बार बार जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है कभी कभार छोटे-छोटे हादसे भी सामने आते है और उन्हें स्थानीय स्तर पर सुलझा भी दिया जाता है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए वये बाजार हाट को अपने स्थान पर लगवाने ना तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही



पंचायत के सचिव का है और ना ही पुलिस प्रशासन ने ही मुख्य मार्ग पर लग रहे बाजार को विस्थापित करने की पहल की है जबकि किसी बड़ी घटना होने के बाद दोनों ही विभाग की जिम्मेदारी सामने आएंगी।

# बूढ़े हटावासियों की पेयजल समस्या अब सुलझेगी

**हटा, देशबन्धु।** हटा में चारों ओर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान मकान बनाए गए है सैकड़ों की संख्या में कच्चे पक्के अतिक्रमण है जिन्हें चिन्हित करके प्रशासन जब तब नेताओं के हित साधन के लिए अतिक्रमण जारी करती रही है कभी निजी जमीन के विबाद में निष्क्रन्ति भूमि का मामला सामने लाया गया हो तो कभी राजनैतिक हितो के लिए अस्पताल की भूमि के अतिक्रमण चिन्हित कराए गए होएहटा में अतिक्रमण का मुद्दा अब राजनेताओं के हाथ की कठपुतली बन गया है ऐसा ही एक मामला बूढ़ा हटा के सार्वजनिक कुएं का सामने आया है जो कि शासनकी भूमि के खसरा नम्बर 30 हल्का बूढ़ा हटा में रकवा 0.668 पर शासकीय सैर के साथ बना हुआ है जिस पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का कब्जा राजस्व प्रकरण क्रमांक 82 आ/68/2012-13 में तहसीलदार द्वारा पारित आदेश दिनांक 25ण्4ण13 द्वारा प्रमाणित पाकर बेदखली आदेश पारित किया गया था जिस पर एसडीएम न्यायालय में अपील के दौरान यह तथ्य सामने आए की कुआ की सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटना रोकने बाउंड्री के भीतर किया गया है। कुआ के पास आने जाने रोक नही है।

उक्त प्रकरण में 25.8.2017 को बेदखली आदेश निरस्त कर दिया गया था लेकिन उस आदेश के बाबजूद भी वार्डवासी कुएं के उपयोग से बंचित है और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल के द्वारा बनाई गई बाउंडरी वाल के भीतर कुआ आ जाने से सार्वजनकि उपयोग नहीं हो पा रहा है अब जबकि श्री पटेल विधानसभा चुनावो में स्वयं उस राजनैतिक दल के प्रचार में लगे है जो बूढ़ा हटा में बहुसंख्यक है और सर्वाधिक पेयजल संकट ग्रस्त वार्ड गांधी वार्ड बूढ़ा हटा के वर्ग विशेष के लोगों को शीघ्र ही पेयजल संकट से निजात मिल सकेगी।

संविदा उपयंत्री आर के अहिरवार के अलावा अन्य पर कार्यवाही से परहेज ययहटा एवं पटेरा जनपद पंचायतों में निर्माण कार्यो में पिछले एक साल से अनियमितताओं की बाढ़ सी आ गयी है। सीईओ ब्रटेश जैन को जबसे हटा से हटाकर पटेरा सीईओ बनाकर हटा का भी प्रभार दिया गया और उन्होंने हटा के भुगतान के अधिकार अन्य को सौंपकर आंखें मूंद ली तब से निर्माण कार्यो में गड़बडियों की जो शुरुआत हुई उसकी फेरहिस्त लम्बी होती चली गयी और अंतहीन गड़बड़ी सामने आने लगी। इन गड़बड़ियों में मनरेगा के कार्यो में आवश्यक 40-60 के अनुपात की अनिवार्यता जिसमें मजदूरी और सामग्री का 40-60का अनुपात अनिवार्य किया गया है का भरपूर उल्लंघन किया गया एक हजार की मजदूरी पर एक लाख दो लाख के फर्जी बिल लगाकर भुगतान प्राप्त किया गया।

# तीन अपराधी जिला बदर घोषित

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हरजिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर तीन अपराधियों को तीन-तीन माह के लिए जिला बदर घोषित किया है।

इनमें ग्राम बंधा बरियारपुर (भूमियान) थाना अजयगढ़ निवासी अवनीश मिश्रा उर्फ छंगू महराज, बादशाह सांई मस्जिद के पास थाना कोतवाली निवासी करीम खान और ग्राम पटीबजरिया (कृष्णा कल्याणपुर) थाना व तहसील पन्ना निवासी रंजीत उर्फ मंजा यादव शामिल हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं में अपराधियों के जिला बदर की कार्यवाही की गई है। अपराधी को आदेश तामीली दिनांक से 5 घण्टे के भीतर पन्ना जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती दमोह, छतरपुर, सतना, कटनी, मैहर और उत्तर प्रदेश के बांदा एवं चित्रकूट जिले की सीमाओं से बाहर रहने का निष्कासन आदेश पारित किया गया है। जिले के किसी न्यायालय अथवा दाण्डिक न्यायालय में पेशी पर उपस्थित होने के लिए अपराधी को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित सूचना देनी होगी। आदेश के उल्लंघन पर अपराधी के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# ओवर लोड यम दूत नगर के मुख्य मार्गों पर मंचा रहे धमा-चौकड़ी

**पाटन, देशबन्धु।** माननीय न्यायालय के मुख्य द्वार के सामने इन दिनों ओवर लोड ट्रक एवं बिना नंबरों और आधे अधूरे पेपर वाले कमर्शियल वाहनों की धमा चौकड़ी से हर आम और खास आदमी परेशान हैं। इन ओवर लोड वाहनों से आय दिन किसी बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा हर समय बना रहता है। वही पाटन पुलिस नगर की मुख्य सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे ओवर लोड ट्रक से अंजान है। नगर एवं ग्रामीण कस्बों में आए दिन घटित हो रही अज्ञात वाहनों की दुर्घटनाओं से सबक न लेते हुए बल्कि पाटन पुलिस इसे ही अपनी आमदनी का जरिया बनाने से परहेज नहीं करती है। बीते दिनों हुए अज्ञात वाहनों के कई मामलों में गाड़ी का पता लगाएं जाने के उपरांत उन गाड़ियों के पेपर परिवहन विभाग के नियम अनुसार कंप्लीट नहीं पाए गए तो पुलिस ने ले-दे कर कई मामलों में गाड़ी बदल कर आरोपियों को लाभ पहुंचने का काम किया है। फिलहाल अभी देखना होगा पाटन पुलिस नगर के अनियंत्रित ट्रैफिक पर कब तक लगाम लगती है।

# भ्रष्टाचार के मामले में पटवारी को चार साल की कैद

## भूमि का पट्टा तैयार करने के बदले मांगी थी रिश्वत, अदालत ने जुर्माना भी लगाया

**अनूपपुर, देशबन्धु।** विशेष न्यायाधीश पंकज जायसवाल (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) की न्यायालय ने विशेष प्रकरण थाना विशेष पुलिस लोकायुक्त रीवा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1)डी, 13(2), के आरोपी शैलेन्द्र शर्मा तत्कालीन पटवारी हल्का बरगवां नं.02 तहसील अनूपपुर के प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार का अपराध प्रमाणित पाने पर 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 रू. की राशि का अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। आरोपी को न्यायालय से तत्काल जेल भेज दिया गया। पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी, विशेष लोक अभियोजक (लोकायुक्त) हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई।



जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि प्रकरण वर्ष 2016 में फरियादिया मीना केवट तत्कालीन बरगवां गांव की पंच थी, उसके द्वारा गांव के निवासी जो पढ़े लिखे नहीं थे, और वह जिस जमीन पर काबिज थे उसे मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अन्तर्गत पट्टा मिलना था जिसके लिये गांव के निवासियों द्वारा समस्त कार्यवाही हेतु शिकायतकर्ता मीना केवट को अधिकृत किया था, जिसके संबंध में मीना केवट आरोपित पटवारी शैलेन्द्र शर्मा से कई बार मिले उसके द्वारा पट्टा देने में आना-कानी कर पट्टा संबंधी कागज देने के एवज में प्रति पट्टा 2000/- रू. की दर से 12000/- रू. रिश्वत की मांग की, जिसे ग्रमीण देने में असमर्थ थे। ग्रमीणों ने मीना केवट के माध्यम से लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की, जिसके आधार पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपित पटवारी शैलेन्द्र शर्मा को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, लोकायुक्त् द्वारा सम्पूर्ण विवेचना पश्चात आवश्यक दस्तावेजी वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां विशेष लोक अभियोजक (लोकायुक्त) द्वारा प्रकरण के सम्पूर्ण तथ्यों व साक्ष्यों को जानने के बाद व दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात अपराध प्रमाणित पाये जाने पर सजा सुनाई।

# जादू-टोना करने के शक में महिला की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

**अनूपपुर, देशबन्धु।** द्वितय अपर सत्र न्यायाधीश आर.पी.सेवेतिया की न्यायालय ने थाना जैतहरी के अपराध की धारा 302, 201 भादवि के आरोपी 26 वर्षीय लक्ष्मण सिंह भैना निवासी ग्राम तलवाटोला, सिंघौरा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं कुल 7000 रू. अर्थदण्ड की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने मृतिका के पति एवं अवयस्क दो पुत्रियों को चार लाख रूपयें की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया हैं। पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल ने की।

जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना 29 जुलाई 2022 को यशोदिया बाई अपनी पुत्री आशा और निर्मला के साथ गांव के खेत में रोपा लगाने जा रही थी, जैसे ही घटना स्थल पर पहुंची उसी समय आरोपित अपने हाथ में रखी कुल्हाडी लेकर आया और उस पर प्रहार किया जिसके परिणाम स्वरूप चोट लगने के कारण वह नीचे गिर गई, जिसे देखकर दोनों पुत्रियां रोने लगी उसी समय मृतिका के पति व अन्य लोग मौके पर आये, जिसे देखकर आरोपित हाथ में रखी टांगी लेकर भाग गया। थाना जैतहरी की चौकी वेंकटनगर में पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर मर्ग कायमी करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि आरोपित को शंका थी कि मृतिका जादू-टोने का कार्य करती हैं, जिसके चलते उसने मृतिका पर कुल्हाडी से प्रहार किया हैं, पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर अनुसंधान समाप्ति पर अभियोगपत्र न्यायालय में पेश किया गया, जहां विचारण पश्चात न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके

**पोर्ट मोर्सबी।** पापुआ न्यू गिनी के कोकोपो में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार मंगलवार को तड़के 00:53:39 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र कोकोपो से 82 किलोमीर पूर्व की दिशा में धरती की सतह से 24.2 किमी की गहराई में 4.32 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 153.01 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

# सोशल मीडिया पर ही भिड़ गए नेतन्याहू और उन्हीं के खूंखार मंत्री

## गाजा पर न्यूक्लियर बम गिराने को लेकर भिड़ंत



**नई दिल्ली।** हमास के खिलाफ जंग में गाजा पट्टी पर भीषण हमलों को रोकने और सीजफायर लागू करने को लेकर जहां इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संयुक्त राष्ट्र समेत कई देशों का दबाव झेल रहे हैं, वहीं उनके एक मंत्री ने गाजा पट्टी पर न्यूक्लियर बम गिराने की बात कही है। इजरायल के यरूशलेम और विरासत मामलों के मंत्री अमीचाई एलियाहू ने कहा कि गाजा पट्टी पर परमाणु हथियार गिराना एक विकल्प है। एक रेडियो इंटरव्यू में अति-दक्षिणपंथी मंत्री ने कहा कि गाजा में कोई भी गैर-लड़ाकू नहीं है।

उन्होंने कहा कि चूंकि उनके विचार में कोई गैर-लड़ाकू नहीं हैं, इसलिए गाजा पट्टी पर परमाणु हमला एक विकल्प है। हमास के खात्मे का यही एक तरीका है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी को मानवीय सहायता प्रदान करना विफलता होगी।

प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एलियाहू के परमाणु बम गिराने की सलाह पर सोशल मीडिया पर जवाब देते हुए कहा कि एलियाहू की टिप्पणियां वास्तविकता से अलग हैं और गैर-लड़ाकों को नुकसान से बचाने के लिए इज़रायल और आईडीएफ अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्य कर रहे हैं। पीएम नेतन्याहू ने ट्वीट किया, मंत्री एलियाहू के बयान वास्तविकता पर आधारित नहीं हैं। इजरायल और आईडीएफ निर्दोषों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के उच्चतम मानकों के अनुसार काम कर रहे हैं। हम अपनी जीत तक ऐसा करना जारी रखेंगे। इसके पलटवार में मंत्री ने भी सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा कि मौजूदा समय में हमास के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है और यही समय की मांग है। उन्होंने लिखा, यह एकमात्र फॉर्मूला है जिसका उपयोग लोकतांत्रिक राज्य आतंकवाद से निपटने के लिए कर सकते हैं। साथ ही, यह स्पष्ट है कि इज़रायल बंधकों को सुरक्षित और स्वस्थ वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंत्री एलियाहू के कैबिनेट मीटिंग में भाग लेने पर रोक लगा दिया है और उन्हें अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिया है। एलियाहू से जब फिलिस्तीनियों के भाग्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वे आयरलैंड या रेगिस्तान में जा सकते हैं। गाजा में राक्षसों को स्वयं समाधान ढूंढना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा पट्टी को अस्तित्व में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी या हमास का झंडा लहराने वाले किसी भी व्यक्ति कोपृथ्वी पर नहीं रहने दिया जाना चाहिए।

विपक्षी नेता यायर लैपिड ने भी मंत्री एलियाहू की टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना की है और कहा कि यह एक गैर-जिम्मेदार मंत्री की भयावह और पागलपन भरी टिप्पणी है। उन्होंने कहा, उन्होंने ऐसा बयान देकर बंधकों के परिवारों को नाराज किया है, इजरायली समाज को नाराज किया है और हमारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाया है। चहुंओर घिरने के बाद मंत्री अब कह रहे हैं कि उनकी टिप्पणी प्रतीकात्मक थीं।

## आज का इतिहास

1236 - सुल्तान रुकनुद्दीन फिरोज शाह को फांसी दी गई।
1270 - महान संत नामदेव का जन्म।
1580 - स्पेन की सेना ने आयरलैंड पर हमला किया।
1729 - ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे ब्रिटिश-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
1794 - रुसी सेना ने पोलैंड की राजधानी वारसा पर कब्जा किया।
1877 - उर्दू के मशहूर कवि मोहम्म्द इकबाल का जन्म।
1887 -अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले।
1904 - देश के प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी पंचानन माहेश्वरी का जन्म।
1906 - थिओडोर रूजवेल्ट अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने जिन्होंने पद पर रहते हुए देश के बाहर आधिकारिक यात्रा पर पनामा नहर निर्माण की प्रगति देखने गए थे।
1918 - जर्मनी एवं बोल्शेविक रूस के बीच ब्रेस्ट-लितोस्क की संधि,येरुशलम पर ब्रिटेन का अधिकार, एकेटरिंगबर्ग में जार, जारीना एवं उनके बच्चों को फांसी, जर्मन क्रांति,सम्राट विलियम द्वितीय द्वारा देश-त्याग,जर्मन गणतंत्र की उद्घोषणा।

## 50,000 लोगों के बीच 4 शौचालय, केवल 4 घंटे मिलता है पानी; गाजा राहत शिविरों में पसरी त्रासदी

गाजा में जारी इजरायली हमलों के बीच हर ओर त्रासदी पसरी हुई है। जो लोग गाजा छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर गए हैं उनके लिए भी हालात बेहद खराब हैं। राहत शिविरों के हालात और भी बदतर हैं। इन शिविरों में मौजूद नर्सें अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर लोगों की सेवा में लगी हुई हैं। युद्ध के ग्राउंड जीरो से बचाई गई एक अमेरिकी नर्स ने कहा है कि गाजा पट्टी में रुके हुए फिलिस्तीनी डॉक्टर और नर्सें सही मायनों में हीरो हैं। उन्होंने कहा कि उन नर्सों को पता है कि वे कभी भी मारे जा सकते हैं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने वहीं रहना चुना है। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स की नर्स व एक्टिविटी मैनेजर एमिली कैलाहन ने सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में राहत शिविरों की रूप कंपाने वाली हकीकत बयां की है। उन्होंने बताया कि फिलहाल गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलाहन पिछले बुधवार को गाजा से निकाले जाने के बाद इस वीकेंड अमेरिका लौट आईं। यह पूछे जाने पर कि वापस आकर कैसा महसूस हो रहा है, उन्होंने कहा, सच कहूं तो मुझे इस बात की राहत है कि मैं अपने परिवार के साथ घर पर हूं और 26 दिनों में पहली बार सुरक्षित महसूस कर रही हूं। (लेकिन) मुझे इनमें से किसी भी चीज से खुशी नहीं मिल पा रही है। क्योंकि मेरा सुरक्षित रहने का मतलब (पीड़ित) लोगों को पीछे छोड़ने है।

**आतंकी कर रहे अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल**

पाक पीएम ने कहा, अमेरिका का अपने हथियारों के इस्तेमाल से इनकार करना या स्वीकार करना अप्रासंगिक है, क्योंकि अब यह निष्पक्ष रूप से स्थापित हो गया है कि उसके हथियार काले बाजार (ब्लैक मार्केट) में बेचे जा रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा उनका इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य से संबंधित दस्तावेजी सबूत हैं और पाकिस्तान इसे किसी कॉन्सपिरेसी थ्योरी के आधार पर नहीं बता रहा है। प्रधानमंत्री काकर ने एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 150,000 की मजबूत अफगान सेना दो दिनों के भीतर गायब हो गई, उनके हथियार कहां गए? उनके पास जो छोटे हथियार और गोला बारूद थे, वे लिखित में नहीं थे। उनका कोई हिसाब-किताब नहीं था। अब कोई नहीं जानता था कि वे किसके पास हैं।

## विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री के बाद इस बड़ी चीनी कंपनी का सीईओ लापता

चीन में विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री के लापता होने के बाद अब एक बड़ी चीनी कंपनी के बॉस का कुछ पता नहीं चल रहा है। दरअसल, इस प्रमुख चीनी लाइवस्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के मालिक की साइट पर अवैध सामग्री को लेकर जांच हुई थी। इसके बाद से ही उन्हें कई हफ्तों से सार्वजनिक तौर पर नहीं देखा गया है। सरकारी मीडिया आउटलेट्स में यह खबर छिपी है। डूयो के फाउंडर और सीईओ चेन शाओजी अक्टूबर के बाद से नहीं देखे गए हैं। सूत्रों का कहना है कि यह पूरा मामला इस प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम के दौरान जुए से संबंधित है। एएफपी ने कंपनी के एक प्रतिनिधि से मंगलवार को चेन शाओजी के ठिकाने के बारे में सवाल पूछा। इसे लेकर उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। मगर, यह जरूर कहा कि इस लाइवस्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का बिजनेस ऑपरेशन सामान्य गति से चल रहा है। मालूम हो कि डूयो को चीन की तकनीकी दिग्गज टेनसेंट का सपोर्ट हासिल है। यह कंपनी 268 मिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ यूएस-लिस्टेड है।

## इजरायल के खिलाफ सऊदी में जुटेंगे 57 मुसलमान देश, पुराने दुश्मन भी साथ



यही नहीं पाकिस्तानी मीडिया ने इस मामले में अरब देशों की चुप्पी पर तीखा सवाल उठाया है। अखबार लिखता है, बोलिविया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने नैतिकता दिखाते हुए अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन देशों ने संकट की घड़ी में साहस दिखाया है और साबित किया कि वे फिलिस्तीन की जनता के साथ खड़े हैं। इसके आगे डॉन पूछता है कि आखिर ऐसे संकट में अरब देश कहां हैं। अखबार लिखता है, आखिर अरब और मुस्लिम वर्ल्ड ने क्या किया? इन लोगों ने हमेशा की तरह उदासीन रुख अपनाया। सिर्फ बयान जारी किए और वह भी लंबे नफा-नुकसान देखने के बाद किया।

**इन सरकारों से ज्यादा तो जनता ही साहसी है**

पाक मीडिया के मुताबिक इन देशों से ज्यादा मुस्लिम जनता ने साहस दिखाया है। अखबार लिखता है कि अरब देशों की सरकारों के मुकाबले तो जनता ही ज्यादा साहसी रही। मुस्लिम देशों के आम नागरिक सड़कों पर उतर आए। यहां तक कि ब्रिटेन, अमेरिका जैसे देशों में भी लोग सड़कों पर उतरे। यही नहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने इजरायल समर्थक कंपनियों के उत्पादों के भी बायकॉट का ऐलान किया है।

इस तरह मुसलमान देशों की सरकारों से ज्यादा तो आम नागरिकों ने ही साहस दिखाया है। अब उम्मीद है कि रविवार को रियाद में होने वाली समिट में इस्लामिक देशों का संगठन कोई बड़ा फैसला लेगा।

## खाते हैं कनाडा की और गाते हैं इजरायल की

## जंग में मदद पर कनाडाई पत्रकार ने उधेड़ी प्रधानमंत्री ट्रूडो की बखिया



भारत से तल्ख रिश्तों की वजह से पिछले दो महीने से आलोचना झेल रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब इजरायल को समर्थन देने और बिना मांगे सहायता देने पर अपने ही देश में मीडिया के निशाने पर आ गए हैं। कनाडा के राजदूतों समेत अधिकारियों पर अब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पिट्ठू बनने के आरोप लगाए जा रहे हैं। कनाडाई पत्रकार एंड्रयु मित्रोविका ने अल जजीरा में लिखे एक लेख में आरोप लगाया है कि पिछले चार हफ्तों में जब से इजरायली प्रधान मंत्री ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर विनाश शुरू किया है,तब से कनाडा के दूत कनाडाई लोगों की चिंता छोड़ इजरायल के हितों में व्यस्त रहे हैं। मित्रोविका ने लिखा है कि कनाडा में ग्लोबल अफेयर्स स्टाफ के कर्मचारी बेंजामिन नेतन्याहू और नस्लवादी कंपनियों की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गए हैं, जबकि वे स्टाफ कनाडा के हैं और सैलरी कनाडा के नागरिकों के टैक्स से लेते हैं।

**सवालों का जवाब नहीं दे रही ट्रूडो सरकार-** कनाडाई पत्रकार ने आरोप लगाया कि इससे भी बुरी बात यह है कि बिना सहायता मांगे कनाडा ने अपने सैन्य विमानों को इजरायल की खिदमत में लगा दिया और जब जस्टिन ट्रूडो सरकार से इस बावत सवाल पूछे जा रहे हैं तो विवरण देना तो दूर, सवालों पर टस से मस ना हो रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा ने अनगिनत संख्या में इजरायली लड़ाकों को कनाडाई सैन्य विमानों से इजरायल पहुंचाया है, ताकि वे गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के नरसंहार में शामिल हो सकें।

**कनाडा के कार्य मानवता के खिलाफ-** कनाडाई पत्रकार ने ट्रूडो सरकार पर मानवता के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि फिलीस्तीनियों की गंभीर परिस्थितियों पर ध्यान देने के बजाय ट्रूडो सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध करने वाले एक नस्लभेदी राज्य के साथ स्पष्ट तौर पर मिलीभगत की है। आरोप है कि ट्रूडो की इस मिलीभगत में फिलीस्तीनी मूल के कनाडाई और नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित डॉ. इज़ेल्डिन अबुएलेश भी शामिल हैं। पत्रकार ने लिखा है कि कनाडा ने गाजा पट्टी के लिए खोखली एकजुटता दिखाई जबकि जबकि उनके राजनयिक खुशी-खुशी इजरायल के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कनाडा के लिए एक कलंक और अपमानित करने वाला मामला है।

## फायदे के लिए सिर्फ बयान दे दिए

## गाजा पर सऊदी अरब समेत मुसलमान देशों पर बिफरा पाकिस्तान

गाजा पर जारी इजरायली हमलों के चलते फिलिस्तीन में मरने वाले लोगों की संख्या 10 हजार को पार कर गई है। इसे लेकर अरब देशों समेत दुनिया भर के इस्लामिक मुल्कों में गुस्सा है। हालांकि पाकिस्तान इस मसले पर



अरब देशों के रवैये से भी खुश नहीं है। पाकिस्तान के सबसे बड़े अखबार डॉन के संपादकीय में बुधवार को लिखा गया कि फिलिस्तीनी मारे जा रहे हैं और अरब देश हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। पाकिस्तानी अखबार ने लिखा कि इजरायल खून का प्यासा है और हर दिन सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद भी अरब देश चुप बैठे हैं।

अखबार लिखता है, %गाजा के लोगों को खाना, पानी, ईंधन और दवा तक नहीं मिल रही हैं। यह 21वीं सदी का होलोकास्ट चल रहा है। विडंबना है कि यह अत्याचार वही कर रहे हैं, जो खुद होलोकास्ट का शिकार होने की बात करते रहे हैं। गाजा और फिलिस्तीन के दूसरे हिस्सों में जिंदगी गुजारना अब किसी बुरे सपने सा हो गया है। हमास के हमले से पहले भी यही स्थिति थी, लेकिन अब तो फिलिस्तीन के लोग अब तो अस्तित्व के संकट से ही जूझ रहे हैं।

डॉन लिखता है कि तेल अवीव के इरादों का इससे ही पता चल जाता है कि उसके मंत्री तो गाजा में परमाणु बम गिराने की बात कर रहे हैं।

## सुडोकू 6371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6371

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. किसी काम या सेवा के लिए स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने वाला
१२. निर्ममता, धृष्टता (उर्दू)
१३. वधू, बहू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु, व्यक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. शादी, विवाह
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठीआदि बातें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति-सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6370

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल्ली | क | टू | ■ | ■ | अ | र्द्धां | गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | रि | क्त | ह | स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | वै | त | नि | क | ■ | ■ | उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | नि | मि | त | ■ | य |
| सी | ता | प | ति | ■ | पु | ■ | म | लि | न |
| धा | ■ | द | ■ | प्र | ण | त | ■ | हा | ■ |
| सा | द | र | ■ | ता | ■ | र | म | जा | न |
| दा | ■ | ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

चिंता — *तेलंगाना में भाजपा का बुरा हाल*

# कांग्रेस में हो रहे शामिल या पार्टी गतिविधियों से दूरी बना रहे नेता

**हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा चुनाव होने में सिर्फ तीन हफ्ते बचे हैं, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खुद को अजीब स्थिति में पा रही है, क्योंकि चुनाव घोषणापत्र समिति समेत कुछ समितियों के प्रमुख या तो कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं या पार्टी की गतिविधियों से दूर रह रहे हैं। चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने की पूरी प्रक्रिया उस।**

समय गड़बड़ा गई जब समिति के अध्यक्ष विवेक वेंकटस्वामी निष्ठा पाला बदलकर कांग्रेस में शामिल हो गए। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे विवेक पिछले हफ्ते हैदराबाद में राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

पूर्व सांसद को सोमवार को चेन्नूर (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार नामित किया गया। विवेक को पिछले महीने 29 सदस्यीय घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यहां तक कि पैनल के संयोजक और संयुक्त संयोजक भी सक्रिय नहीं हैं। अप्रैल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अल्लेटी महेश्वर रेड्डी को समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। निर्मल निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के



■ **यहां तक कि पैनल के संयोजक व संयुक्त संयोजक भी सक्रिय नहीं**

रूप में वह प्रचार में व्यस्त हैं। कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, को घोषणापत्र समिति का संयुक्त संयोजक नियुक्त किया गया। पूर्व सांसद पिछले कुछ महीनों से खुद को पार्टी गतिविधियों से दूर रखे हुए हैं। चूंकि घोषणापत्र को चुनाव जीतने के लिए किसी भी पार्टी की रणनीति का एक प्रमुख घटक माना जाता है, इसलिए भाजपा नेताओं को यह पता नहीं है कि घोषणापत्र का मसौदा तैयार कौन कर रहा है।

पार्टी नेताओं के एक वर्ग के बीच यह भी चिंता है कि चूंकि विवेक को पार्टी के घोषणापत्र के लिए महत्वपूर्ण इनपुट की जानकारी थी, इसलिए इससे घोषणापत्र तैयार करने की पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। विवेक के इस्तीफे से कुछ दिन पहले कोमाटि रेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने भी कांग्रेस में वापसी के लिए बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। वह पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी का नेतृत्व कर रहे थे। राज गोपाल रेड्डी ने पिछले साल अगस्त में काफी गहमागहमी के बीच कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने उपचुनाव कराने के लिए अपनी मुनुगोडे विधानसभा सीट से भी इस्तीफा दे दिया था। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए उपचुनाव में वह हार गए थे। भाजपा ने चुनाव के लिए पार्टी को तैयार करने के लिए पिछले महीने 14 समितियों का गठन किया था। यह गुटबाजी को शांत करने की कवायद के रूप में देखी गई, पार्टी ने पुराने नेताओं और नए प्रवेशकों दोनों को इन पैनलों के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया था। वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद विजया शांति को आंदोलन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। फायरब्रांड नेता पिछले कुछ महीनों से कार्रवाई से गायब हैं।

# खेल जगत

## शमी ने डीआरएस हेरफेर के दावे पर पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा की भारत के खिलाफ गेंदों के अलग-अलग सेट का उपयोग करने के उनके विचित्र दावों के लिए बुधवार को आलोचना की। रजा ने एक पाकिस्तानी चैनल पर बात करते हुए आरोप लगाया था कि भारत को आईसीसी और बीसीसीआई द्वारा गेंदों का एक अलग सेट दिया जा रहा है, जिससे उन्हें मौजूदा वनडे विश्व कप 2023 में गेंद से किसी अन्य की तुलना में बेहतर प्रभाव डालने का मौका मिले। रजा के हवाले से कहा गया, हम देख रहे हैं कि जब वे बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और जब भारत गेंदबाजी करता है तो अचानक गेंद हरकत करने लगती है। 7-8 करीबी डीआरएस कॉल उनके पक्ष में गए हैं। गेंद का निरीक्षण करने की जरूरत है। शमी ने इंस्टाग्राम पर हसन रजा की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें थोड़ी शर्म आनी चाहिए।



# यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी बल्कि इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी : मैक्सवेल

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि मंगलवार को 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंदों में नाबाद 201 रन की उनकी रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पारी अव्यवस्थित तरीके से स्विंग करने के बारे में नहीं थी, और साथ ही कहा कि पांच बार के चैंपियन को जीत दिलाने में इसमें थोड़ी योजना शामिल थी। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया एक समय 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल केंद्र में रहे, उन्होंने पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले अपने दम पर सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। मैक्सवेल ने यह भी खुलासा किया कि उनके मन में रिटायर हर्ट होने का विचार आया था। यह निश्चित रूप से हमारी चर्चाओं में था। हमने बाहर आने, अपनी पीठ पर कुछ काम करने की कोशिश करने और अपने पैरों को थोड़ा ढीला करने की कोशिश करने के बारे में बात की। जोनेसी (ऑस्ट्रेलियाई फिजियो निक जोन्स) ने कहा कि उसके बाद सीढ़ियों से नीचे वापस आना वास्तव में कठिन होगा, इसलिए शायद काम को थोड़ा और सरल बना दिया और फिर हमने सोचा कि चलो जब तक हम उसी छोर पर रहेंगे। हम तब तक ऐसा कर सकते हैं जब तक आपको ऐसा महसूस न हो जाए कि आप कम से कम दूसरे छोर पर चल सकते हैं या यदि इधर-उधर कोई आसान सिंगल है। आईसीसी ने मैक्सवेल के हवाले से कहा, थोड़ी देर के लिए अगर मैं एक छोर से एक या दो चौके लगा सकता हूं तो इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे छोर पर क्या हुआ क्योंकि हमें उस चरण में एक रन और गेंद के आसपास मिल गया था। एक निश्चित योजना थी। यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी, लेकिन इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी।



मैक्सवेल, जिन्होंने क्रीज पर टिके रहकर बाउंड्री लगाई, ने दूसरे छोर से उन्हें वांछित समर्थन देने के लिए कमिंस की सराहना की। मुझे लगता है कि जब पैटी काफी शांत थे, मुझे लगता है कि जब यह लगभग 60 या 70 (आवश्यक रन) तक पहुंच गया, तो मैंने सोचा कि दो और, शायद लगभग 15 के आधे अच्छे ओवर और यह संतुलन में सही है। हम जानते थे कि राशिद (खान) के पास लगभग 18 गेंदें बची थीं और यह आखिरी 13 ओवरों में या ऐसा ही कुछ होने वाला था। इसलिए, जब तक हम उसे खेल से बाहर रखते थे, मुझे लगता था कि मैं बाउंड्री मार सकता हूं।

मैं एक तरह से उसे नकारने के बारे में था, वह उसे बाकी टेल पर शॉट नहीं लगाने दे रहा था क्योंकि वह स्पष्ट रूप से विश्व स्तरीय है। वह आपको पैड पर मार सकता है और वह आपको बल्ले के दोनों तरफ हरा सकता है। इसलिए, मुझे बस ऐसा लगा कि अगर हम उसे नकार सकें और उसे खेल के अंतिम छोर से बाहर रख सकें, तो हम ठीक हो जायेंगे। मुंबई में, मैक्सवेल पुरुष वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज भी बने। यह एक उल्लेखनीय समय है जब मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद चोट लगने के कारण अहमदाबाद में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की पिछली जीत से चूक गए थे और वह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने से खुश थे, उनका अंतिम लीग मैच इस सप्ताह बाद में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में होगा। यह कुछ सप्ताह, अजीब, अजीब रहे हैं लेकिन मैं यहां वापस आने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सक्षम होने के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे लगता है कि पहले दो गेम के बाद हम ज्यादातर लोगों द्वारा खारिज किए जाने और ऐसा करने में सक्षम होने के काफी करीब थे। सही समय पर एक साथ लगातार छह जीत हासिल करें और आज रात हम एक उत्साही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, इसलिए सेमीफाइनल में रहना बहुत अच्छी बात है।

## किस्मत मैक्सवेल जैसे व्यक्ति की मदद की : जोनाथन ट्रॉट

